संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी.

■ वर्ष -17 ■ अंक-125 ■ रायपुर, शुक्रवार 02 अक्टूबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ■ CHHHIN/2010/34274 पृष्ठ 8 ■ मूल्य-1.50 रुपये

आज का पंचांग



वारः शुक्रवार
तिथिः आश्विन कृष्ण षष्ठी
पक्षः आश्विन पक्ष
मासः आश्विन (कृष्ण पक्ष)
ऋतुः वर्षा ऋतु
विक्रम संवतः 2083
शक संवतः 1948
नक्षत्रः मृगशिरा
योगः व्यतीपात
करणः वणिज
चन्द्र राशिः वृषभ राशि में
सूर्य राशिः कन्या राशि में
पंचकः आज पंचक नहीं है।
अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 12:04 से 12:52 तक।
विजय मुहूर्तः दोपहर 02:27 से 03:15 तक।
ब्रह्म मुहूर्तः प्रातः 04:53 से 05:41 तक।

पिकनिक मनाने गए दो स्कूली छात्रा नदी में बहे, तलाश जारी

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांरके जिले से बड़ी खबर सामने आई है।

बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम इरपानार के पास नदी में दो स्कूली छात्रों के डूबने से इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने नदी के पास पहुंचे थे। पिकनिक के दौरान नदी के तेज बहाव की चपेट में आने से दोनों छात्र बह गए।

पाकरगांव हादसे पर मुख्यमंत्री साय ने जताया गहरा दुःख

हादसे की होगी मजिस्ट्रियल जांच, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

मृतक श्रमिकों के परिजनों को मिलेगी 15-15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

रायपुर ■ दैनन्दिनी



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाकरगांव में बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में दो श्रमिकों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर हादसे में जान गंवाने वाले दोनों श्रमिकों के परिजनों को 15-15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन को पीड़ित परिवारों को हर आवश्यक सहायता तत्परता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों तथा इसके लिए जिम्मेदार लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए और जांच में जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने घटना में प्रथम दृष्टया सामने आई लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पत्थलगांव विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमृत बेक को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट कहा कि विद्युत संबंधी कार्यों के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों और प्रक्रियाओं का हर हाल में पालन सुनिश्चित किया जाए। श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल श्रमिकों के समुचित उपचार की बेहतर से बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन से कहा है कि घायलों के उपचार में किसी प्रकार की कमी न हो और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जाएं।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दायर

नई दिल्ली ■ एजेंसी



SIR को लेकर मचे बवाल के बाद एक तरफ विपक्ष, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को घेरने की तैयारी कर रहा है और दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक के बाद एक तीसरी याचिका दायर हो गई है। नई याचिका में पिछले 10 महीनों में CEC ज्ञानेश कुमार की तरफ से जारी 14 आदेशों को चुनौती दी गई है। याचिका में 10 महीनों में CEC ज्ञानेश कुमार द्वारा जारी 14 आदेशों को रद्द करने की मांग की गई है। इसके साथ ही, याचिका में चुनाव आयोग की स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की शक्तियों के दायरे और सीमाओं पर निर्देश और स्पष्टीकरण की मांग भी है।

जान लें कि ये याचिका प्रिया मिश्रा की ओर से दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दायर इस तीसरी याचिका में मांग की गई है कि सामूहिक निर्णय लेने की अनिवार्य प्रक्रिया का उल्लंघन करके जारी किए गए सभी फैसलों, आदेशों, नोटिफिकेशनों और कार्यकारी निर्देशों को रद्द किया जाए। साथ ही, चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वह संविधान के अनुच्छेद 324 और आयोग के कामकाज से जुड़े कानूनी नियमों के अनुसार सख्ती से नए फैसले ले। इससे पहले दो याचिका वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी और सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह ने दायर की थीं।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में बीते गुरुवार को इंडिया अलायंस की बड़ी बैठक हुई थी। इसका प्रमुख मुद्दे SIR और CEC ज्ञानेश कुमार थे। इस बैठक में राहुल, सोनिया गांधी, ममता बनर्जी, उमर अब्दुल्ला, सुप्रिया सुले समेत 20 पार्टियों के नेता शामिल हुए। 3 घंटे तक चली इस बैठक में इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को दस साल की सजा

भानुप्रतापपुर। कांकेर जिले के अंतागढ़ थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय भानुप्रतापपुर ने आरोपी को दोषी ठहराया है। अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2023 का है। पीड़िता की मां ने 25 फरवरी 2023 को अंतागढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष 14 साक्षियों के बयान कराए।

'एक हिंदुस्तानी ने 9/11 होने से बचा लिया'

UPSC शताब्दी समारोह में बोले पीएम मोदी, कैप्टन स्मित पर जताया गर्व



नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत की नौकरशाही की रीढ़ संघ लोक सेवा आयोग यानी UPSC ने अपने गठन के 100 साल पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'शताब्दी समारोह' का भव्य आयोजन किया गया जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 100 साल में पीढ़ियां, सरकारें सभी बदलीं लेकिन UPSC पर भरोसा पहले जैसा ही अटूट बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कैप्टन स्मित मच्छार का भी जिक्र किया जिन्होंने दुबई से तेल अवीव जा रहे विमान में 174 लोगों की जान बचा ली। पीएम मोदी ने कहा कि एक हिंदुस्तानी ने ने 9/11 (अमेरिका में 2001 में हुआ आतंकी हमला) होने से बचा लिया।

दरअसल, भारतीय पायलट स्मित मच्छार की जांबाजी के कारण दुबई से तेल अवीव जा रहे फ्लाई-दुबई के विमान में 174 यात्रियों की जान बच गई। जानकारी के अनुसार, विमान में सवार ओमान के को-पायलट ने विमान को क्रैश करवाने की कोशिश की थी। हालांकि, पायलट स्मित मच्छार उसे रोक लिया।

ओमान के को-पायलट ने स्मित पर धारदाक हथियार से वार किया लेकिन वह उससे लड़ते रहे और फिर कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। इसके बाद विमान में मौजूद यात्रियों ने को-पायलट को पकड़ लिया और वहां मौजूद कुछ अन्य पायलटों ने सऊदी अरब में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई।

पीएम मोदी ने भारत मंडपम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- "कल जो एक घटना घटी और भारत के कैप्टन स्मित ने जिस प्रकार से सूझबूझ और साहस का परिचय करवाया। आज इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा एक हिंदुस्तानी ने 9/11 होने से बचा लिया।



'दृश्यम 3' की एडवांस बुकिंग ने मचाया तहलका, पहले दिन होगी 50 करोड़ पार कमाई? रिकॉर्ड बनाने की राह पर अजय देवगन

मुंबई (एजेंसी)। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यमः द कन्क्लूजन' सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज में अब सिर्फ एक दिन बाकी है और उससे पहले ही एडवांस बुकिंग के आंकड़ों ने इसकी मजबूत शुरुआत के संकेत दे दिए हैं। शुरुआती ट्रेड अनुमान के मुताबिक फिल्म भारत में पहले दिन करीब 50 करोड़ रुपये नेट कमाई कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह 2026 में किसी हिंदी फिल्म की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग बन सकती है। फिलहाल इस मामले में 'धुरंधर 2' सबसे आगे है।

एडवांस बुकिंग में 19 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री

'दृश्यमः द कन्क्लूजन' की एडवांस बुकिंग को लेकर सामने आए आंकड़े फिल्म के लिए काफी उत्साहजनक हैं। गुरुवार सुबह 10 बजे तक फिल्म ने भारत में पहले दिन के लिए करीब 19.75 करोड़ रुपये की एडवांस बिक्री दर्ज कर ली थी। इस दौरान 5।35 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके थे और फिल्म के लिए 12 हजार से अधिक शो उपलब्ध थे। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म के तीन दिन के वीकेंड की एडवांस बुकिंग भी मजबूत नजर आ रही है। भारत में ब्लॉक सीटों को शामिल करने के बाद वीकेंड के लिए फिल्म की एडवांस ग्रॉस बुकिंग करीब 36.25 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी थी। अभी फिल्म की बुकिंग जारी है और रिलीज से पहले आखिरी कुछ घंटों में टिकट बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

2026 की बड़ी हिंदी ओपनिंग की ओर फिल्म

एडवांस बुकिंग की रफ्तार



को देखते हुए 'दृश्यमः द कन्क्लूजन' साल 2026 की बड़ी हिंदी ओपनिंग वाली फिल्मों की सूची में जगह बनाने की स्थिति में है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, फिल्म करीब 50 करोड़ रुपये की नेट ओपनिंग कर सकती है। इस आंकड़े के साथ यह 'धुरंधर 2' के बाद साल की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी ओपनिंग दर्ज कर सकती है। इस रेस में 'मिर्जापुरः द मूवी' ने करीब 28.11 करोड़ रुपये और 'बॉर्डर 2' ने लगभग 32.10 करोड़ रुपये की ओपनिंग दर्ज की थी। हालांकि 'दृश्यम 3' की अंतिम ओपनिंग कई चीजों पर निर्भर करेगी, जिसमें रिलीज के दिन की टिकट बिक्री और दर्शकों की प्रतिक्रिया अहम होगी।

विदेशों में भी दिख रहा है फिल्म का क्रेज

फिल्म को लेकर उत्साह सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। विदेशों में भी 'दृश्यम 3' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और शुरुआती आंकड़े अच्छी मांग की ओर इशारा कर रहे हैं। ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने रिलीज के पहले दिन के लिए 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की प्री-सेल दर्ज कर ली है। वहीं ओवरसीज में पूरे वीकेंड की एडवांस ग्रॉस बुकिंग 5 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर चुकी है।

दुनियाभर की प्री-सेल को मिलाकर फिल्म रिलीज से पहले करीब 50 करोड़ रुपये की संयुक्त एडवांस बिक्री के आंकड़े तक पहुंच सकती है। हालांकि अंतिम आंकड़े बुकिंग बंद होने के बाद ही स्पष्ट होंगे।

'दृश्यम 2' का रिकॉर्ड भी पीछे छूटा

एडवांस बुकिंग की रफ्तार की तुलना पिछली फिल्म 'दृश्यम 2' से भी की जा रही है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक तीसरे पार्ट ने रिलीज से पहले ही अपने पिछले पार्ट की एडवांस सेल का रिकॉर्ड काफी पीछे छोड़ दिया है। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की कहानी हमेशा से परिवार और उसके राज को बचाने के इर्द-गिर्द घूमती रही है। तीसरे और अंतिम पार्ट को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि विजय सालगांवकर इस बार अपने परिवार को किस तरह बचाएगा और क्या उसके बनाए पुराने प्लान में कोई नई दरार सामने आएगी।

सेल्फी लेते-लेते इब्राहिम अली खान के साथ हुआ कांड, कपड़ों पर गिरी कॉफी

मुंबई (एजेंसी)। इब्राहिम अली खान का एयरपोर्ट वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सिक्योरिटी गार्ड के साथ सेल्फी लेते वक्त उनके कपड़ों पर कॉफी गिर गई। अभिनेता के शांत रिएक्शन ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींचा।

सैफ अली खान के बेटे और बॉलीवुड अभिनेता इब्राहिम अली खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इब्राहिम अक्सर अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने कैजुअल और बेबाक अंदाज को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। इस बार उनका एक बेहद सामान्य सा एयरपोर्ट मोमेंट इंटरनेट यूजर्स का ध्यान खींच रहा है। दरअसल एयरपोर्ट पर इब्राहिम एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ तस्वीर खिंचवा रहे थे, तभी उनके कपड़ों पर अचानक कॉफी गिर गई। इसके बाद अभिनेता का रिएक्शन कैमरे में कैद हो गया, जिसे देखकर सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

सिक्योरिटी गार्ड ने मांगी सेल्फी, इब्राहिम ने खुशी से भरी हां

वायरल वीडियो में इब्राहिम अली खान एयरपोर्ट पर ब्लैक को-ऑर्ड सेट में नजर आ रहे हैं। अभिनेता बेहद कंफर्टेबल लुक में दिखाई दे रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक सिक्योरिटी गार्ड ने उनसे तस्वीर लेने की इच्छा जाहिर की। इब्राहिम ने भी बिना किसी झिझक के उनकी बात मान ली और उनके साथ सेल्फी लेने लगे। इसी दौरान अचानक कॉफी उनके कपड़ों पर गिर गई। कॉफी गिरते ही इब्राहिम ने तुरंत नीचे अपने कपड़ों की तरफ देखा। उनके चेहरे पर कुछ पल के लिए हैरानी साफ नजर आई। वह अपने कपड़ों पर पड़े दाग को देखने लगे और पूरा घटनाक्रम कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। यही छोटा सा मोमेंट अब सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है।

'ये राजनीति मत लाओ गेम में', तेज प्रताप और मनीष कश्यप की बहस ने मचाया बवाल, 'राइज एंड फॉल 2' में आतिशबाजी टास्क ने बढ़ाया पारा

मुंबई (एजेंसी)। ओटीटी शो 'राइज एंड फॉल 2' के लेटेस्ट एपिसोड में टावर का माहौल उस वक्त गरमा गया, जब आतिशबाजी वाले टास्क के दौरान तेज प्रताप यादव और मनीष कश्यप आमने-सामने आ गए। प्राइज पॉट के लिए शुरू हुआ यह टास्क धीरे-धीरे अधिकार, मेहनत और वर्कर्स के साथ होने वाले व्यवहार को लेकर बहस में बदल गया। एक तरफ बेसमेंट में वर्कर्स लगातार फायरवर्क्स तैयार करने और उन्हें पास कराने के दबाव में थे, वहीं पेंटहाउस में भी बदलते रिश्तों और नई दुश्मनियों ने माहौल को तनावपूर्ण बनाए रखा।

टास्क के तहत वर्कर्स को प्राइज पॉट में रकम बढ़ाने के लिए आतिशबाजी तैयार करनी थी। लेकिन इसमें एक कड़ी शर्त भी रखी गई थी। अगर दो फायरवर्क्स क्वालिटी चेक में रिजेक्ट हो जाते तो वर्कर्स को अपने ही ग्रुप में से एक कमजोर सदस्य चुनकर उसे गेम से बाहर करना पड़ता। पहले राउंड में शहजाद पूनावाला ने एक फायरवर्क को रिजेक्ट कर दिया और पूछा कि क्या उनका फैसला गलत था। इस पर प्रियंका चाहर चौधरी ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए कहा। प्रियंका की टिप्पणी पर शहजाद ने भी जवाब दिया कि वह फुटेज लेने के लिए नहीं, बल्कि अपना काम करने के लिए शो में आए हैं। शुरुआत में हुई यह नोकझोंक आगे चलकर बड़े विवाद का हिस्सा बन गई।

अगले राउंड में शहजाद ने मनीष कश्यप के बनाए फायरवर्क को भी रिजेक्ट कर दिया। इससे मनीष नाराज हो गए और टास्क को लेकर अपनी आपत्ति जताने लगे। इसी दौरान तेज प्रताप यादव भी बातचीत में



शामिल हो गए। दोनों के बीच शुरू हुई बहस जल्द ही तीखी हो गई। तेज प्रताप ने मनीष पर स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ मनीष का कहना था कि वर्कर्स पूरी मेहनत कर रहे हैं और उनके साथ रूलर्स की तरफ से सही व्यवहार नहीं हो रहा है। बातचीत आगे बढ़ी तो बहस सिर्फ टास्क तक सीमित नहीं रही। इसमें पहचान, अधिकार, मेहनत और गेम में रूलर्स और वर्कर्स के बीच मौजूद अंतर जैसे मुद्दे भी सामने आ गए। मनीष ने तेज प्रताप से वर्कर्स की मेहनत को समझने की बात कही, जबकि तेज प्रताप ने उन पर गेम में राजनीति लाने का आरोप लगाया। दोनों अपनी बात पर कायम रहे और इस टकराव ने शो में एक नई प्रतिद्वंद्विता के संकेत दे दिए। टास्क के दौरान एक और ट्विस्ट आया, जब क्वालिटी कंट्रोल अधिकारियों के बीच फायरवर्क्स को लेकर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद अल्टीमेट रूलर को अंतिम फैसला लेने का अधिकार दिया गया। अगले राउंड में तीन फायरवर्क्स रिजेक्ट होने के बाद वर्कर्स के सामने अपने ही एक सदस्य को बाहर करने की मजबूरी आ गई। अनिश भगत ने खुद बाहर होने की पेशकश की, लेकिन इसके बाद भी वर्कर्स की मुश्किलें खत्म नहीं हुईं। अगले राउंड में काजल राघवानी के रंगों को लेकर हुई चूक के बाद तीनों फायरवर्क्स रिजेक्ट हो गए। इसके बाद निहारिका तिवारी को गेम से बाहर करने का फैसला लिया गया। निहारिका इस फैसले से भावुक और नाराज नजर आईं। निहारिका के बाहर होने के बाद उनका गुस्सा गौतम गुलाटी के साथ बहस में बदल गया। माहौल बिगड़ता देख कायरा अनु ने बीच में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उन्होंने खुद को उस स्थिति से अलग कर लिया। इस पूरे घटनाक्रम से साफ दिखा कि टास्क का दबाव अब वर्कर्स के आपसी रिश्तों पर भी असर डाल रहा था। बेसमेंट में सिर्फ फायरवर्क्स बनाने की चुनौती नहीं थी, बल्कि हर रिजेक्शन के साथ एक सदस्य के बाहर होने का खतरा भी बना हुआ था।

यही वजह रही कि छोटी-छोटी

सेहत

गर्मियों में खाएं इन आटे से बनी रोटियां, कब्ज की समस्या होगी दूर, डाइजेशन रहेगा बेहतर

रोटी भारतीय भोजन का सबसे अहम हिस्सा है। लंच, डिनर से लेकर सुबह के ब्रेकफास्ट में भी लोग इसे शामिल करते हैं। दाल, सब्जी, करी के साथ इसका स्वाद गजब लगता है। भारतीय घरों में अलग अलग आटे की रोटियां खाई जाती है। लेकिन गर्मियों में पेट की समस्या काफी बढ़ जाती है, इसलिए खान पान का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में अपनी डाइट में ऐसे आटे की रोटियों को शामिल करना चाहिए जिनका सेवन सेहत और पेट दोनों के लिए फायदेमंद हो। यहां हम बताने जा रहे हैं कि गर्मियों के लिए कौन सी रोटी बेस्ट होती है।

1. जौ का आटा

जौ की तासीर काफी ठंडी होती है, जो गर्मियों के लिए वरदान है। इसमें घुलनशील और अघुलनशील फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है, जो मल को नरम बनाता है और कब्ज को जड़ से खत्म करने में मदद करता है। इसे आप गेहूं के आटे में मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

2. ज्वार का आटा

ज्वार एक ग्लूटेन-फ्री अनाज है जो पेट को ठंडा रखने



में मदद करता है। यह पचने में बहुत हल्का होता है और इसमें मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होता है। यह एसिडिटी को भी कम करता है।

3. चने का आटा / सत्तू

गर्मियों में 'सत्तू' का सेवन सबसे ज्यादा किया जाता है। सत्तू असल में भुने हुए चने का आटा ही है। यह प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने के साथ-साथ बाउल मूवमेंट को बेहतर बनाता है।

4. रागी का आटा

हालांकि रागी को अक्सर सर्दियों का अनाज माना जाता है, लेकिन अगर इसे सीमित मात्रा में या अन्य ठंडे आटों के साथ मिलाकर खाया जाए, तो यह कब्ज के लिए रामबाण है। रागी में कैल्शियम और फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो पुरानी कब्ज को दूर करने में प्रभावी है।

5. ओट्स का आटा

ओट्स में 'बीटा-ग्लूकन' नामक विशेष फाइबर होता है। यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है, जिससे गंदगी शरीर से आसानी से बाहर निकल जाती है। यह गर्मियों में सुबह के नाश्ते के लिए बेहतरीन विकल्प है।

6. सिंघाड़े का आटा

सिंघाड़ा पानी में उगता है, इसलिए इसकी तासीर बहुत ठंडी होती है। इसमें लो-कैलोरी और हाई-फाइबर होता है। गर्मियों में इसकी रोटी खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और पेट हल्का रहता है।

सुबह स्प्राउट्स और ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर एक साथ खाने से क्या होता है?

सुबह का समय शरीर को पोषण देने के लिए सबसे बेहतरीन माना जाता है। ऐसे में अगर आप स्प्राउट्स और भिगोए हुए ड्राई फ्रूट्स को एक साथ खाते हैं, तो यह कॉम्बिनेशन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और हेल्दी फैट्स का परफेक्ट बैलेंस मिलता है, जो दिनभर एनर्जी बनाए रखने में मदद करता है। चलिए जानते हैं एक साथ इसका सेवन करने से सेहत को कौन से फायदे मिलते हैं ?

सुबह स्प्राउट्स और ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर एक साथ खाने से क्या होता है?

एनर्जी और स्टैमिना बढ़ाता हैः भिगोए हुए ड्राई फ्रूट्स और स्प्राउट्स में प्रोटीन और ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट्स होते हैं, जो शरीर को तुरंत और लंबे समय तक ऊर्जा देते हैं।

पाचन को बनाता है बेहतरः भिगोए हुए ड्राई फ्रूट्स और स्प्राउट्स दोनों ही आसानी से पचते हैं और फाइबर से भरपूर होते हैं, जिससे कब्ज और अपच की समस्या कम होती है।

दिल के लिए फायदेमंदः ड्राई फ्रूट्स में मौजूद अच्छे फैट्स (ओमेगा-3) दिल को हेल्दी रखते हैं और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

वजन कंट्रोल में मददः यह कॉम्बिनेशन पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे बार-बार भूख नहीं लगती और वजन कंट्रोल में रहता है।

दिमाग को बनाता है तेजः बादाम, अखरोट जैसे ड्राई फ्रूट्स ब्रेन हेल्थ के लिए अच्छे माने जाते हैं और याददाश्त बढ़ाने में मदद करते हैं।

स्किन और बालों के लिए फायदेमंदः इसमें मौजूद विटामिन E और एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को ग्लोइंग और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

कैसे खाएं सही तरीके से?

रात में 5–6 बादाम, 1–2 अखरोट और 10–12 किशमिश भिगोकर, साथ ही मूंग या काले चने अंकुरित करें और सुबह इन्हें छिले बादाम, स्प्राउट्स, नींबू के रस व काला नमक के साथ एक मुट्ठी मात्रा में खाएं।

सेहत के लिए अमृत समान केसर वाला दूध

आपको बता दें कि केसर वाले दूध में एक से बढ़कर एक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर केसर वाले दूध का सेवन करने की सलाह देते हैं। आइए पहले केसर वाला दूध पीने के कुछ जबरदस्त स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं। हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानने के बाद हम आपको ये भी बताएंगे कि औषधीय गुणों से भरपूर केसर वाले दूध को डाइट प्लान में शामिल करने का सही तरीका क्या है।

बूस्ट करे इम्यूनिटी

रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए केसर वाले दूध का सेवन किया जा सकता है। अगर आप कमजोर इम्यून सिस्टम की वजह से बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो आपको केसर वाला दूध पीना शुरू कर देना चाहिए। इसके अलावा पोषक तत्वों से भरपूर केसर वाला दूध तनाव को कम कर नींद की गुणवत्ता को सुधारने में भी असरदार साबित हो सकता है।

हड्डियों को बनाए मजबूत

कैल्शियम रिच केसर वाला दूध आपकी बोन हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गट हेल्थ को सुधारने के लिए केसर वाले दूध का सेवन करने की सलाह दी जाती है। औषधीय गुणों से भरपूर केसर वाला दूध पीने के बाद थकान और कमजोरी जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं और आप ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।

कैसे करना चाहिए सेवन

सबसे पहले एक गिलास दूध को गर्म कर लीजिए। अब दूध में केसर के 2-4 धागे एड कर लगभग 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ दीजिए। रात के समय केसर वाला दूध पीना ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। केसर वाले दूध के टेस्ट को बढ़ाने के लिए इसमें शहद या फिर मिश्री को मिक्स किया जा सकता है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से केसर वाले दूध का सेवन करना चाहिए वरना सेहत पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर भी पड़ सकता है।

30 दिन तक सलाद खाने से बॉडी पर क्या असर होता है?

30 दिनों तक लगातार सलाद को अपनी डाइट का हिस्सा बनाने से शरीर में कई सकारात्मक बदलाव आते हैं। सलाद न केवल वजन घटाने में मदद करता है, बल्कि यह आपके पाचन और त्वचा के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में चलिए जानते हैं रोजाना 30 दिनों तक सलाद खाने से बॉडी पर क्या असर होगा।

खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए अपनी डाइट में हेल्दी चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है।

ऐसे में लोग सलाद को अपनी डाइट का अहम हिस्सा बना रहे हैं। अपनी डाइट में खीरा, टमाटर, प्याज़, चुकंदर, पपीता, ताजा लेट्यूस, केला वगैरह ताजी सब्जियां और फल शामिल कर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सलाद का सेवन सेहत के लिए कितना फायदेमंद होता है।

अगर आप 30 दिनों तक अपनी डाइट में सलाद को सामिल करते हैं तो बॉडी में क्या बदलाव आ सकते हैं। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि रोजाना 30 दिन तक सलाद खाने से क्या होता है।

1. पाचन तंत्र में सुधार

सलाद कच्ची सब्जियों और फलों से बना होता है, जिनमें फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है।


इसका सेवन करने से कब्ज की समस्या दूर होती है और बाउल मूवमेंट नियमित हो जाता है। अगर आप पहले बहुत कम फाइबर खाते थे, तो शुरुआत में हल्की गैस महसूस हो सकती है, जो कुछ दिनों में ठीक हो जाती है।

2. वजन कम करने में मददगार

सब्जियों में कैलोरी कम और पानी की मात्रा ज्यादा होती है। खाना खाने से पहले सलाद खाने से आपका पेट जल्दी भर जाता है, जिससे आप भारी या अनहेल्दी खाना कम खाते हैं। 30 दिनों में आप अपने वजन में हल्कापन महसूस करेंगे।

3. चेहरे पर नेचुरल ग्लो

सलाद विटामिन C, E और एंटीऑक्सीडेंट्स का खजाना है। यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है। 30 दिनों के भीतर



आपकी त्वचा साफ और चमकदार दिखने लगती है, और मुहांसों में कमी आ सकती है।

4. एनर्जी लेवल में बढ़ोतरी

भारी और तला-भुना खाना खाने के बाद अक्सर सुस्ती महसूस होती है। सलाद हल्का होता है और शरीर को तुरंत हाइड्रेशन देता है। इससे आप दिन भर खुद को ज्यादा सक्रिय और एनर्जेटिक महसूस करते हैं।

5. हृदय स्वास्थ्य और कोलेस्ट्रॉल

सलाद में मौजूद फाइबर खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है।

30 दिनों तक नियमित सलाद खाने से ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी

शुक्रवार 02 अक्टूबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्ती, 285 चालानी कार्रवाई

बिलासपुर। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री एवं नियमों के उल्लंघन पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिले के सार्वजनिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध अब तक लगभग 285 चालानी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कार्रवाई में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। सभी विभागों को अपने यहां सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियमित निगरानी एवं उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया। जिले के स्कूल एवं महाविद्यालयों में कोटपा अधिनियम की धारा 4 एवं 6 के तहत आवश्यक सूचना पटल लगाने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास प्रतिबंधित दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। लगभग 850 शैक्षणिक संस्थानों में धूम्रपान निषेध बोर्ड लगाए जा चुके हैं। शेष संस्थानों में भी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई करने कहा गया है। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान चलाकर जिले को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

गांव से जिला मुख्यालय तक सरकारी दफ्तरों में चला सफाई अभियान

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत आज जिलेभर के शासकीय कार्यालयों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भागीदारी करते हुए अपने कार्यालय और परिसर की साफ-सफाई की। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा गत दिनों दिए गए निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस अभियान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक सभी ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। अभियान के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं झाड़ू और पोंछा लेकर कार्यालय कक्षों, बैठक कक्षों एवं परिसरों की सफाई की। लंबे समय से पड़ी अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री की छंटाई कर उसे व्यवस्थित किया गया। अस्त-व्यस्त फाइलों और अभिलेखों को भी तरतीब से रखकर कार्यालयों को साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित स्वरूप दिया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। इसे हमें अपनी आदत और कार्यालयीन कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल और आसपास के परिसर को नियमित रूप से स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का आह्वान किया।

जिला कलेक्ट्रेट, पुराने एवं नवीन कम्पोजिट बिल्डिंग, जिला पंचायत, नगर निगम सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

वरिष्ठजन हमारी अमूल्य धरोहर, उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को मिलती है दिशा : कौशिक

बिलासपुर ■ दैनन्दिनी

1 अक्टूबर 2026/सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का आत्मीय सम्मान करने के साथ उनके स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, विधिक जागरूकता और मनोरंजन के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। विधायक श्री धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल सहित अतिथियों ने वरिष्ठजनों को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंटकर सम्मानित किया।

विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिस तरह हम अपने माता-पिता का आदर और सम्मान करते हैं, उसी भावना से समाज के प्रत्येक बुजुर्ग का सम्मान किया जाना चाहिए। वरिष्ठजनों के पास जीवन के लंबे अनुभवों का खजाना है, जिससे युवा पीढ़ी को सीख और प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान हमारी सामाजिक एवं पारिवारिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी एवं क्रेडा अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी ने वरिष्ठजनों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि उनके सम्मान, संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी हम सभी की है। वरिष्ठ



नागरिकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष परिवार, समाज और देश के निर्माण में लगाए हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ नई पीढ़ी को लेना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी एवं छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री राजा पाण्डेय भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ नागरिकों के पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण से हुई। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने 500 से अधिक वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। होम्योपैथी सहित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञों ने भी परामर्श एवं उपचार प्रदान किया।

स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच की गईं। जिला पुनर्वास केंद्र द्वारा विशेष आवश्यकता वाले वरिष्ठ नागरिकों को अतिथियों के हाथों श्रवण यंत्र, छड़ी, नी-कैप एवं कमर बेल्ट जैसे सहायक उपकरण प्रदान किए गए। फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी के स्टॉल के माध्यम से भी वरिष्ठजनों को उपचार एवं उपयोगी जानकारी दी गई।

वरिष्ठ नागरिकों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी –

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अनिल कुमार चौहान ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के बी.के. विकास ने संगीत के माध्यम से स्वस्थ तन-स्वस्थ मन और वरिष्ठजनों के प्रति सकारात्मक सोच रखने का संदेश दिया। संयुक्त संचालक श्री तिलकेश भावे ने स्वागत उद्बोधन में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए संचालित अधिनियम एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

सेवा संकल्प अभियान : विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

बिलासपुर ■ दैनन्दिनी



सेवा और संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिल्हा में किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के द्वितीय आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 59 तथा भाषण प्रतियोगिता में 59 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बिल्हा श्री धरमलाल कौशिक ने विद्यार्थियों को सेवा भाव, सामाजिक जिम्मेदारी और देशहित की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की रचनात्मक सोच, सकारात्मक दृष्टिकोण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने ''स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, सेना का शौर्य, नया कश्मीर, नक्सलवाद, नक्सल मुक्त भारत, सपनों का भारत, विकसित भारत 2047, महिला सशक्तिकरण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों और ओजस्वी वक्तव्यों के माध्यम से सेवा, संकल्प, सामाजिक जिम्मेदारी, देशभक्ति एवं राष्ट्रहित की भावना को अभिव्यक्त किया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

सेवा संकल्प अभियान : नन्हें बच्चों को पोषण का सहारा, माता-पिता को मिली राहत

बिलासपुर ■ दैनन्दिनी

बच्चा कुपोषण से जूझ रहा हो तो माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता उसके स्वस्थ होने की होती है। लेकिन उपचार के लिए घर से दूर जाकर करीब पंद्रह दिन ठहरना पड़े तो परिवार की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। बिलासपुर जिले में पोषण पुनर्वास केंद्रों के विस्तार ने ऐसे परिवारों को राहत दी है। तखतपुर, बिल्हा और रतनपुर में केंद्रों की सुविधा मिलने से अब अधिक बच्चों तक पोषण संबंधी देखभाल और उपचार पहुंच रहा है। अप्रैल 2024 से पहले जिले में केवल जिला चिकित्सालय में पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित था। दूरस्थ गांवों के माता-पिता को अपने कुपोषित बच्चे के साथ जिला मुख्यालय आना पड़ता था। केंद्र में लगभग 15 दिन रहने की आवश्यकता के कारण कई परिवारों के लिए इस सुविधा का लाभ लेना कठिन था। बच्चे की देखभाल के साथ घर की जिम्मेदारियां संभालना भी उनके लिए चुनौती थी। इन परिवारों की जरूरत को देखते हुए जिले में पोषण पुनर्वास की सुविधाएं बढ़ाने की पहल की गई। कलेक्टर द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास से अनुमोदित राशि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की पहल और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से नए केंद्रों का संचालन शुरू हुआ। बिस्तरों की संख्या भी बढ़ाई गई, ताकि अधिक जरूरतमंद बच्चों को भर्ती कर देखभाल और उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इस पहल का असर लाभान्वित बच्चों की संख्या में दिखाई दे रहा है। पहले जिला चिकित्सालय के एकमात्र केंद्र से लगभग 170 से 180 बच्चों को लाभ मिल पाता था। अब नए केंद्रों और बढ़े बिस्तरों के माध्यम से लगभग 800 से 900 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। अपने क्षेत्र के नजदीक सुविधा मिलने से माता-पिता के लिए बच्चे के साथ रहकर उसका उपचार कराना आसान हुआ है।

जनसेवा के नवाचारों को मिलेगा मंच जीत सकेंगे 10 लाख रुपये का पुरस्कार

बिलासपुर ■ दैनन्दिनी

जनसेवा से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नवीन विचार और तकनीक प्रस्तुत करने वालों को भारत सरकार ने अवसर दिया है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में इच्छुक प्रतिभागी 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के 10 क्षेत्रों में कुल 5 करोड़ रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा एवं केंद्र शासित प्रदेश दमन-दीव के निवासी भाग ले सकते हैं। व्यक्तिगत नवप्रवर्तकों, विद्यार्थियों, छात्र समूहों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, नवउद्यमों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए यह प्रतियोगिता खुली है। प्रतिभागियों के पास संबंधित राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश का निवास प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। प्रतियोगिता में कृषि, कानून व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, रक्षा, ऊर्जा एवं जलवायु से जुड़ी स्थिरता, अवसंरचना एवं गतिशीलता, उभरती तकनीक तथा शिक्षा एवं रोजगार क्षमता से जुड़े क्षेत्र शामिल हैं।

प्रत्येक क्षेत्र में पांच उपविषय निर्धारित हैं। इनमें फसल नुकसान का डिजिटल आकलन, शहरी बाढ़ प्रबंधन, महिला सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी की रोकथाम और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता जैसे विषय शामिल हैं। आवेदक को एक प्राथमिक क्षेत्र और एक उपविषय चुनना होगा। प्रत्येक क्षेत्र में पांच विजेता चुने जाएंगे। इनमें एक महिला श्रेणी, एक 21 वर्ष से कम आयु श्रेणी और तीन सामान्य श्रेणी के विजेता होंगे।

फूलबाई के हुनर से प्रभावित हुए कलेक्टर, खरीदा मिट्टी का तवा

गौरेला (दैनंदिनी ब्यूरो)। ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़कर जिले की महिलाएं खेती, पशुपालन और पारंपरिक कला को आजीविका का मजबूत माध्यम बनाकर आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने आज महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया और समूह की महिलाओं से सीधे संवाद कर उनके व्यवसाय, उत्पादन और आमदनी की जानकारी ली। कलेक्टर ने दीप महिला स्व-सहायता समूह अमरपुर की महिलाओं से मुलाकात की। समूह की सदस्य



रिंकी गुप्ता ने बताया कि समूह द्वारा लगभग तीन एकड़ भूमि लीज पर लेकर आधुनिक मल्चिंग पद्धति से सब्जी उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान में टमाटर की खेती की गई है। इससे पहले समूह ने पत्ता गोभी का उत्पादन कर लगभग 8 लाख रुपए की आय अर्जित की है। कलेक्टर ने महिलाओं की मेहनत और आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर आय बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की।

इसके बाद कलेक्टर ने जय मां संतोषी महिला स्व-सहायता समूह कोडगार की महिलाओं से मुलाकात कर उनकी आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। समूह की सदस्य श्रीमती फूलबाई द्वारा पोल्ट्री, शूकर पालन के साथ मिट्टी से मटका, दीया, पैना, गुल्लक, तवा सहित विभिन्न उपयोगी एवं कलात्मक सामग्रियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने इन उत्पादों का अवलोकन कर उनके हुनर की प्रशंसा की और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए कीमत अदा कर मिट्टी से निर्मित तवा भी खरीदा। फूलबाई ने बताया कि विभिन्न आजीविका गतिविधियों से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रुपए की आमदनी हो रही है।

डाइट पेंड्रा में संपन्न हुआ संगीत इंटर्नशिप का समापन समारोह

गौरेला (दैनंदिनी ब्यूरो)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू), अमरकंटक के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग (संगीत) एवं मल्टीपरपस पेंड्रा के संयुक्त प्रयास से इंटर्नशिप के समापन अवसर पर एक भव्य सांगीतिक समारोह का आयोजन जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), पेंड्रा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना तथा संगीत के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अभय दुबे एवं डॉ. आनंद कृष्ण ज्योतिषी, प्रोफेसर, संगीत विभाग, आईजीएनटीयू अमरकंटक उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय राजा उपेंद्र बहादुर उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, हर्ष छाबरिया जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने राग आधारित अतिथि गीत सरस्वती वंदना भजन देशभक्ति गीत छठ गीत की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में



भारतीय शास्त्रीय संगीत की विविध विधाओं, रागों की विशेषताओं तथा संगीत के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी दी गई। सांगीतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध किया और कार्यक्रम को यादगार बनाया।

इस आयोजन में आईजीएनटीयू अमरकंटक से आई छात्राएँ अमृता मानी, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष तथा पुष्पांजलि मिश्रा, स्नातक अंतिम वर्ष की विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। दोनों छात्राओं की उपस्थिति ने विश्वविद्यालय और संस्थान के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहभागिता को दर्शाया। यह कार्यक्रम स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा सुचिता दुबे की इंटर्नशिप पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह के माध्यम से सुचिता दुबे द्वारा सिखाए गीत भजन की प्रस्तुति हुई। इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभवों, संगीत शिक्षण की उपयोगिता तथा विद्यार्थियों में कलात्मक अभिरुचि विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया गया। अतिथि द्वय संगीत मर्मज्ञ गुरुजनों की मंचीय प्रस्तुति ने संगीत शिक्षा को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में संगीत की भूमिका को सराहा। हर्ष छाबरिया ने मल्टीपरपज स्कूल के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आगे भी विद्यालय में सांगीतिक शिक्षण गतिविधियां संचालित रहने की अपेक्षा की। डाइट प्राचार्या श्रीमती अल्का शुक्ला एवं प्राध्यापक श्रीमती ममता चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दीं तथा डीएलएड के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के लिए अद्भुत अनुभव बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन दुर्गेश दुबे व्याख्याता एवं अश्विनी पटेल शिक्षक ने किया जिसमें विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से वरिष्ठ व्याख्याता सविता चंद्रा द्वारा सुचिता दुबे को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं समस्त अतिथि गण का आभार प्रदर्शित किया गया।

बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

गौरेला (दैनंदिनी ब्यूरो)। विजय दयाराम के. ने आज आंगनबाड़ी केंद्र अमाडांड, आंगनबाड़ी केंद्र कोडगार तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोडगार का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति, निर्धारित मेन्यू के अनुसार दिए जा रहे भोजन, भोजन की गुणवत्ता, बच्चों की पोषण स्थिति तथा आंगन मिलन सेवा के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों के पोषण से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र अमाडांड में कलेक्टर ने बच्चों के लिए तैयार भोजन की गुणवत्ता स्वयं जांची। दाल की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित सेक्टर सुपरवाइजर से दूरभाष पर चर्चा कर नियमित निगरानी करने और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित



करने कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोडगार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, ओपीडी में आने वाले मरीजों, जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और केंद्र में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड संधारण में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने सुपरवाइजर श्री मुन्ना सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र आमजन को सीधे सेवा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं। इनके संचालन, पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाओं और अभिलेखों के संधारण में जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा कमियों को तत्काल दूर किया जाए।

:- संपादकीय :-

एआई से मानव का सर्वनाश

एंथ्रोपिक के वर्तमान कर्मचारी इवान हुबिंगर ने यह कह कर सनसनी फैला दी है कि उन्हें यह संभावना 10 प्रतिशत से अधिक लगती है कि अगले दशक में एआई से मानव का सर्वनाश हो सकता है।अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों से हाल में हुए इस्तीफों ने मानव समुदाय के सामने मौजूद एक गहरे संकट पर रोशनी डाली है। एआई की दो बड़ी कंपनियों- ओपन एआई और एंथ्रोपिक में काम करने के बाद 27 वर्षीय रिसर्चर जैकब कॉक्सन ने एंथ्रोपिक से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि ये कंपनियां एआई मॉडल्स को उस अवस्था में पहुंचाने पर आमादा हैं, जब वो मानव नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुपरइंटेलिजेंस की ओर यह दौड़ किसी एक कंपनी की घटना नहीं, बल्कि पूरे एआई उद्योग की नैतिक विफलता का प्रतीक बन गया है। कॉक्सन के बयान के बाद एआई उद्योग में काम कर चुके कई अन्य विशेषज्ञ भी सामने आए। उन्होंने बताया कि ऐसी ही चिंताओं के कारण उन्होंने भी नौकरी छोड़ी। एंथ्रोपिक के वर्तमान कर्मचारी इवान हुबिंगर ने यह कहकर सनसनी फैला दी है कि उन्हें यह संभावना 10 प्रतिशत से अधिक लगती है कि अगले दशक में एआई से मानव का सर्वनाश हो सकता है। इन बयानों से सवाल उठा है कि जब एआई विकसित करने में जुटे विशेषज्ञ मानते हैं कि उनका उत्पाद मानवता के लिए घातक हो सकता है, तो कंपनियां इसे क्यों विकसित कर रही हैं? एंथ्रोपिक के शोधकर्ता सैमुअल मार्क्स ने कहा है कि इसके पीछे कारण अरबों डॉलर के निवेश से पैदा दबाव और यह भय है कि कहीं कोई दूसरी कंपनी आगे ना निकल जाए। यह अच्छी बात है कि इस चर्चा से अमेरिकी राजनेताओं का एक हिस्सा चिंतित हुआ है।एआई के संचालन को विनियमित करने के लिए विधेयक लाने का इरादा उन्होंने जताया है। हालांकि डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति रहते ऐसे किसी प्रयास का सफल होना आसान नहीं है, फिर भी उभरी सार्वजनिक चिंता आशाजनक संकेत है। इस सिलसिले में चीन में हुई पहल पर भी गौर करना चाहिए, जहां बीते जुलाई में वर्ल्ड एआई सम्मेलन के दौरान एआई के वैश्विक संचालन संबंधी कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अब ऐसी तमाम कोशिशों के बीच तालमेल बनाना जरूरी हो गया है। तभी नई तकनीक को मानव विवेक के अधीन रखने की कारगर व्यवस्था अस्तित्व में आ सकेगी।

छात्रों को वित्तीय प्रबंधन की शिक्षा देना जरूरी

ललित गर्ग ।

उन्हें बचत, बजट, निवेश और जिम्मेदार खर्च से अवगत कराकर, हम उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करते हैं।पूरे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में वित्तीय साक्षरता की शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कॉलेज से कॉर्पोरेट जीवन में कदम रखना या अपना स्टार्ट-अप शुरू करना एक युवा व्यक्ति के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक है। पहली कमाई करना या मिलना उत्साह, स्वतंत्रता और नई जिम्मेदारियां लेकर आता है। हालांकि, इसके साथ ही कुछ व्यावहारिक सवाल भी उठते हैं। जब छात्र कम उम्र में पैसों का प्रबंधन सीखते हैं, तो वे भविष्य में बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं।



भारतीय छात्रों को वित्तीय साक्षरता की शिक्षा देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जब छात्र कम उम्र में पैसों का प्रबंधन सीखते हैं, तो वे भविष्य में बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंधन सीखने से कॉलेज ही...भारतीय छात्रों को वित्तीय साक्षरता की शिक्षा देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जब छात्र कम उम्र में पैसों का प्रबंधन सीखते हैं, तो वे भविष्य में बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंधन सीखने से कॉलेज ही नहीं, बल्कि सीनियर स्कूल छात्र भी बजट बनाना, बचत करना और फिजूलखर्ची से बचना सीखते हैं। इससे भविष्य की सुरक्षा के लिए लोन (जैसे एजुकेशन लोन), क्रैडिट कार्ड और कर्ज के जाल से बचने की समझ विकसित होती है। इससे निवेश की समझ भी बदलती है। छात्रों को वित्त प्रबंधन सिखाना अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्हें बचत, बजट, निवेश और जिम्मेदार खर्च से अवगत कराकर, हम उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करते हैं।पूरे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में वित्तीय साक्षरता की शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कॉलेज से कॉर्पोरेट जीवन में कदम रखना या अपना स्टार्ट-अप शुरू करना एक युवा व्यक्ति के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक है। पहली कमाई करना या मिलना उत्साह, स्वतंत्रता और नई जिम्मेदारियां लेकर आता है। हालांकि, इसके साथ ही कुछ व्यावहारिक सवाल भी उठते हैं। कितना पैसा बचाना चाहिए? खर्चों की योजना कैसे बनानी चाहिए? क्या बीमा आवश्यक है? खर्च करना, बचत करना और निवेश करना, इन तीनों में क्या अंतर है? क्या हमारे विश्वविद्यालय इस शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं?वित्तीय साक्षरता कोई विशेष कौशल नहीं है, जो केवल वित्त पेशेवरों के लिए ही हो। यह सभी के लिए जरूरी है। यह एक व्यावहारिक जीवन कौशल है, जो व्यक्ति को कमाई, खर्च, बचत, उधार, सुरक्षा और निवेश के बारे में सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद करता है। ये ऐसे जीवन कौशल हैं, जिनकी आवश्यकता प्रत्येक छात्र को होती है, चाहे उसका शैक्षणिक विषय या करियर पथ कुछ भी हो।आधुनिक अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल होती जा रही है। आज के छात्र यू.पी.आई., ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का सक्रिय रूप से उपयोग करते हैं। प्रौद्योगिकी ने वित्तीय लेन-देन को सुविधाजनक तो बना दिया लेकिन साथ ही साइबर धोखाधड़ी, अविवेकी खर्च और वित्तीय संबंधी गलत सूचनाओं के खतरे को भी बढ़ा दिया है।

इसलिए, वित्तीय जागरूकता न केवल धन कमाने के लिए, बल्कि वित्तीय सुरक्षा के लिए भी आवश्यक हो गई है।डिग्री से छात्र को रोजगार पाने में मदद मिल सकती है लेकिन वित्तीय साक्षरता उन्हें कार्यस्थल से परे जीवन में आगे बढ? में सहायक होती है। जैसे-जैसे उच्च शिक्षा बदलती दुनिया की मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हो रही है, वित्तीय साक्षरता को न केवल वित्तीय ज्ञान के रूप में, बल्कि प्रत्येक छात्र के लिए एक मूलभूत जीवन कौशल के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी छात्रों को वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंध का कौशल सिखाना उनके भविष्य की भलाई में एक निवेश होगा।

पैसे, बचत, बजट और जिम्मेदार खर्च की समझ को पहले से ही सिखा कर, हम उन्हें आत्मविश्वास से वित्तीय दुनिया की जटिलताओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं। इसके साथ ही, भारतीय छात्रों को केवल पैसे कमाना नहीं, बल्कि पैसे का प्रबंधन करना सिखाना देश की आथिक रीढ़ को मजबूत करने के लिए भी बेहद जरूरी है।-

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ है। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जाएगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

वृष राशिः आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपको अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित करेंगे। कोई रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। पहले किए हुए निवेश का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाए रखें और समय के साथ चलें। अपने जज्बात काबू में रखें, ज्यादा भावुक होने से बचें। आज आपको तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेजी से मुकाबला करने की क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जाएंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे। फालतू की शॉपिंग से बचें और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें।

कन्या राशिः आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा उपहार देंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बातें सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेंगी। किसी नए काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नए स्रोत मिलेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है।

तुला राशिः आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जाएगा। आज खर्च में इजाफा बचत को थोड़ा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे हैं, तो फायदा होने वाला है। भाग-दौड़ के कारण आज आपको आलस्य महसूस होगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। अगर आप यात्रा कर रहे हैं तो सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें।

मकर राशिः आज का दिन नई सौगात लेकर आएगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

कुम्भ राशिः आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आपमें प्रेरणा अधिक रहेगी, नौकरीपेशा वालों का आज प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जाएंगे, जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जाएगा।

मीन राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। दोस्तों के साथ आज आप पार्टी करने का मन बनाएंगे।

सू- दोकू क्र.176

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.175 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7

नजरिया | - धनंजय राठौर

बस्तर के जनजातीय बच्चे देश को दिखा रहे नई राह

दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में जावंगा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी आज जनजातीय बच्चों के लिए शिक्षा, कौशल, खेल और आत्मविश्वास का बड़ा केंद्र बन चुकी है। इस एजुकेशन सिटी ने हिंसा और गरीबी से जूझते जनजातीय बच्चों की किस्मत ही बदल दी। कभी दूरस्थ गांवों के बच्चों के सामने सुरक्षित शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर की बड़ी चुनौती थी। आज यहां की बेटियां नीट पास कर डॉक्टर बनने की राह पर हैं, युवा एसएंडपी ग्लोबल जैसी बड़ी वैश्विक कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं और खिलाड़ी मैदान परअपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। यह उन बच्चों की कहानी है, जिन्होंने हर चुनौती को मात देकर खुद को साबित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के जावंगा (एजुकेशन सिटी) में 9 मई 2015 को आए थे, जहाँ उन्होंने एजुकेशन सिटी का निरीक्षण किया था और छात्रों से बातचीत की थी।

अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल है।यहां स्कूल शिक्षा, आवासीय शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न संस्थान संचालित हैं। यह एजुकेशन सिटीशैक्षिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, यहएक पूरी दुनिया है। करीब 150 एकड़ में फैले इस परिसर में 43 शैक्षणिक और आवासीय संस्थाएं चल रही हैं। यहां 7,436 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिनमें 4,692 बालिकाएं शामिल हैं। इनमें से 5,370 बच्चे यहीं छात्रावासो में रहकर पढ़ाई करते हैं। दूर-दराज के जंगलों और गांवों से आए इन बच्चों को सुरक्षित घर, खाना, पढ़ाई और मार्गदर्शन सब कुछ एक ही छत के नीचे मिल रहा है।इसकी वजह से स्कूल ड्रॉप-आउट की दर 50% से घटकर महज 13% रह गई है।

वो बेटियां जिनके गांवों में कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं था, आज उन्हीं इलाकों की बेटियां नीट-यूजी पास कर डॉक्टर बनने की कतार में खड़ी हैं। छू लो आसमान कन्या आवासीय कोचिंग सेंटर, कारली की कई छात्राओं ने इस साल नीट-यूजी में सफलता पाई है। इन्हें राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, आयुर्वेद, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा में दाखिला मिला है। परीक्षा पास करने के साथ ही यह उन परिवारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उनकी बेटी 'डॉक्टर बेटी' कहलाएगी।

डिजिटल क्रांति की नई कहानी

डिजिटल शिक्षा की दिशा में यहां के नवगुरुकुल का प्रयास भी प्रेरक है। यहां युवाओं को आधुनिक डिजिटल कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस केंद्र से प्रशिक्षित लगभग 100 युवा डेटा एनालिटिक्स और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। नवगुरुकुल की एक छात्रा का चयन एसएंडपी ग्लोबल में डेटा एनालिटिक्स के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि बताती है कि बस्तर की प्रतिभा अब देश की बड़ी कंपनियों तक पहुंच रही है। आईटीआई में डीजल मैकेनिक, फिटर, वेल्डर और इलेक्ट्रिकल जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण लेने वाले 95 फीसदी छात्र जनजातीय समुदाय से हैं।

एजुकेशन सिटीमें पढ़ाई के साथ खेल प्रतिभाओं को भी निखारा जा रहा है। यहां के 'एकलव्य खेल परिसर' में ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग, तीरंदाजी और इंडोर स्टेडियम जैसी बेहतरीन सुविधाएं मौजूद हैं।'खेलो इंडिया' से जुड़े इस परिसर में करीब 4,000 आदिवासी बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये बच्चे सिर्फ खेल नहीं सीख रहे, बल्किइनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और जीतने का जज्बा पैदा हो रहा है।

बेटियों की पढ़ाई को पहली प्राथमिकता

जावंगा एजुकेशन सिटी की सबसे बड़ी खूबी बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान है। यहां कन्या विद्यालयों और छात्रावासों के जरिए ग्रामीण बेटियां सुरक्षित माहौल में पढ़ रही हैं।'स्वामी आत्मानंद स्कूल' में लगभग 1200 छात्राएं कला, विज्ञान और वाणिज्य की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। यहां बेहतरीन आवास, भोजन, लाइब्रेरी और लैब जैसी सुविधाओं ने अभिभावकों का भरोसा जीता है। इससे दूरस्थ गांवों की उन बेटियों के सपने सच हो रहे हैं, जिन्हें पहले पढ़ाई के अवसर नहीं मिलते थे।

दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जैसे इलाके जो कभी नक्सल प्रभावित थे, वहां के अनाथ और हिंसा पीड़ित बच्चों को आस्था विद्या मंदिर ने नया घर दिया है। यहां दाखिला मेरिट से नहीं, बच्चे की जरूरत और हालात देखकर होता है।

विचार

औद्योगिक निवेश की दिशा में हब के रूप स्थापित हो रहा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ सरकार की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 राज्य को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश केंद्रों में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवागंन के मार्गदर्शन में लागू हुई। 01 नवंबर 2024 से 31 मार्च 2030 तक प्रभावी यह नीति उद्योगों को आकर्षक प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार, एमएसएमई विकास, नवाचार और क्षेत्रीय औद्योगिक संतुलन पर विशेष जोर देती है। उक्त नीति 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर केन्द्रित है जिसके तहत मौजूदा उद्योगों के विस्तार, विविधीकरण, आधुनिकीकरण और प्रतिस्थापन के लिए खास तौर पर प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नए एवं उभरते हुए क्षेत्रों में फोकस किया गया है।नवीन औद्योगिक विकास नीति के तहत पात्र उद्योगों को कैपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी, ब्याज अनुदान, नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, बिजली शुल्क में छूट, स्टाम्प ड्यूटी में छूट, तकनीकी एवं पेटेंट सहायता तथा रोजगार आधारित प्रोत्साहन जैसे अनेक लाभ दिए जा रहे हैं। पात्रता के अनुसार स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत तक की छूट, कैपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी 50 प्रतिशत तक तथा ईपीएफ प्रतिपूर्ति 75 प्रतिशत तक का प्रावधान है।नीति का दायरा पारंपरिक खनिज आधारित उद्योगों तक सीमित नहीं है। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल एवं इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, एआई एवं रोबोटिक्स, रक्षा, एयरोस्पेस एवं स्पेस टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे उभरते क्षेत्रों को भी विशेष प्रोत्साहन दिया गया है।

टूटती मयार्दाओं व नैतिक पराभव से सिसकती इंसानियत

भौतिकवाद की अंधी होड़ और घटती संवेदनाओं ने समाज को गहरे संकट में डाल दिया है। मयार्दाओं की सीमारेखा लांघने और नैतिक पतन के कारण आज मानवीय रिश्ते और इंसानियत दम तोड़ रही है।मान्यता रही है कि अगर मानवीय मूल्यों को शिरोधार्य किया जाए, तो यह जिंदगी स्वर्ग ही बन जाए। विडंबना है कि आज अंध भौतिकवाद के चलते सुख-सुविधाएं जुटाने की अंधी दौड़ में मानवता का पराभव, आदर्शों का पतन और हर गैर-कानूनी काम को कानूनी बना देने की होड़ शुरू हो गई है। आर्थिक संपन्नता के लिए हमने मयार्दा, नैतिकता और सच्चरित्रता को बिसार दिया है। क्षणिक सुख के लिए हम वह सब कर गुजरने को तैयार हो जाते हैं, जिसकी कल्पना हमारे पूर्वजों ने भी नहीं की होगी।आज के दौर में सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और साहित्य व ललित कलाओं से जीवन में नवस्फुरण पैदा कर देना बीते युग की बात हो गई है। आज जो अमर्यादित है, वही इस युग की पहचान बनता जा रहा है। जब लोगों के सामने यह सच्चाई खुलकर आती है, तो मानवता शर्मसार होती नजर आती है।इन दिनों पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में कुछ ऐसी अमानवीय घटनाएं घटी हैं, जिन्होंने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। हाल ही में पंजाब के बठिंडा जिले के गांव भाई बख्तौर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहां फसल खराब होने से परेशान होकर किसान सौदागर सिंह ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक किसान ने अर्थराइटिस के कारण टाइटेनियम धातु से बने कृत्रिम घुटने लगवाए थे। हृदयहीनता की हद तो तब हो गई, जब अंतिम संस्कार के पश्चात अस्थियां चुनने के बहाने एक नशेड़ी ने चिता से वे कृत्रिम घुटने चुराए और थैले में डालकर भागने लगा। हालांकि, परिवारवालों की सतर्कता के कारण उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। सवाल यह उठता है कि आखिर हमारी मानवीय संवेदनाएं कहां चली गई हैं? यह इतनी निकृष्ट हरकत है जो यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि चोर अब चिताओं को भी नहीं बख्श रहे हैं।वहीं असम के गुवाहाटी से भी एक ऐसी वीभत्स घटना सामने आई है, जिसके बारे में कोई सामान्य इंसान सोच भी नहीं सकता। यहां एक युवक ने अपनी 25 वर्षीय पत्नी रिया तालुकदार की बेरहमी से हत्या कर दी। उसने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया और दोनों हाथों की उंगलियां काटकर फ्रिज में छिपा दीं। मृतका का बिना सिर का शव फ्लैट में ही पड़ा रहा। जब उस बंद फ्लैट से असहनीय बदबू आने लगी, तो पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। पुलिस ने मौके से शव बरामद कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

शब्द सामर्थ्य -176


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 175 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सांसद संतोष पाण्डेय ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

वरिष्ठ नागरिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण एवम वितरित की वॉकिंग स्टिक विधिक अधिकारों की भी दी गई जानकारी



कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। सेवा संकल्प अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बैगा बाहुल्य क्षेत्र बोड़ला के मंगल भवन में जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह, कार्यशाला एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले में पहली बार विशेष रूप से बैगा बाहुल्य क्षेत्र बोड़ला में आयोजित इस कार्यक्रम में 60 से अधिक बैगा वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत बोड़ला के अध्यक्ष श्री विजय पाटिल, उपाध्यक्ष श्री लव कुमार निर्मलकर, सांसद प्रतिनिधि श्री नरेश चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्री यशवंत सिंह, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री सुकलाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य जांच के साथ दी गई योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने बीपी, शुगर, नेत्र एवं दंत संबंधी जांच की। साथ ही आयुष्मान कार्ड, वयोवंदन कार्ड, टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक पाटले, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंथन पाण्डेय, सुश्री आकांक्षा लिखार, श्री अमित पटेल एवं श्री भूपेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और परामर्श दिया।

वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों की दी जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम से उपस्थित विधिक सलाहकार श्री सालिकराम बांधवे ने वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, संरक्षण एवं भरण-पोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

सांसद ने शॉल-श्रीफल से किया सम्मान, वॉकिंग स्टिक भी बांटी

मुख्य अतिथि सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने संबोधन में समाज और परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व को रेखांकित किया तथा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा वॉकिंग स्टिक का वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बोड़ला के सीईओ श्री योगेश वर्मा, बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत, नगर पंचायत बोड़ला के सीएमओ श्री प्रणव प्रवेश प्रधान, नायब तहसीलदार श्री अर्जुन साव, अधीक्षक श्री देवकुमार कौशिक सहित समाज कल्याण विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प के मंच पर गूंजा 'नमामि नमो गाथा' नुक्कड़ नाटक



पंडरिया (दैनंदिनी ब्यूरो)। सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी के विद्यार्थियों ने मंदिर प्रांगण में 'नमामि नमो गाथा'नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भारत @2047, सेवा संकल्प एवं 'मेरे सपनों का भारत' की परिकल्पना पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। नाटक में शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति, भ्रष्टाचार मुक्त के प्रति जागरूकता, ईमानदारी एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों को रोचक संवाद और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि मेरे सपनों का भारत व विकसित भारत 2047 कैसा हो सर्वसुविधा युक्त विद्यालय , अस्पताल हो देश स्वच्छ, ईमानदार, नशामुक्तभारत , भ्रष्टाचार मुक्त भारत हो और पर्यावरण-संरक्षित भारत हो तथा भारत @2047 के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार मेताम, अध्यक्षता शाला प्रबंधन समितिके अध्यक्ष द्वारिका विश्वकर्मा तथा विशिष्ट अतिथि रामगोपाल वट्टी विधायक प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत सरपंच पंचगणतथा गणमान्य नागरिक ने सेवा संकल्प एवं राष्ट्र निर्माण पर अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी का शौक महंगा पड़ा

5 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। कबीरधाम पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना भोरमदेव एवं थाना पिपरिया क्षेत्र में



सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए कुल 05 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च)(1) के तहत 05 अ ल ग - अ ल ग प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

क बी र धा म पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों पर निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

भोरमदेव पुलिस की कार्यवाही

थाना भोरमदेव पुलिस द्वारा भोरमदेव रोड स्थित गौशाला के सामने सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पाए गए तीन व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान तिजराम पटेल पिता नंदु राम पटेल, उम्र 35 वर्ष, निवासी रौचन, थाना भोरमदेव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 45/2026, सिद्धराम पटेल पिता महेत्तर पटेल, उम्र 33 वर्ष, निवासी बरहट्टी, थाना कवर्धा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 46/2026 तथा कमलेश पटेल पिता सुखराम पटेल, उम्र 40 वर्ष, निवासी राजानवागांव, थाना भोरमदेव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 47/2026 दर्ज किया गया।

तीनों मामलों में आरोपियों को आम जगह पर शराब का सेवन करते पाए जाने पर आबकारी एक्ट की धारा 36(च)(1) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान देशी प्लेन मदिरा के खुले पव्वे एवं पानी के डिस्पोजल भी जप्त किए गए।

पिपरिया पुलिस ने भी की कार्यवाही

थाना पिपरिया पुलिस द्वारा ग्राम मानिकचौरी में नहर पुलिया के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पाए गए दो व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

हिरालाल साहू पिता लेखराम साहू, निवासी मानिकचौरी, थाना पिपरिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 304/2026 तथा डेरहुराम साहू पिता गुनीराम साहू, निवासी मानिकचौरी, थाना पिपरिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 305/2026 दर्ज किया गया। दोनों मामलों में आबकारी एक्ट की धारा 36(च)(1) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

कबीरधाम पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कर आमजन के लिए असुविधा अथवा सार्वजनिक व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाली गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर कानून-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी का हुआ सम्मान



गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3, संतोषी नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती रेणुका साहू मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं परिवारों को स्वास्थ्य, पोषण, मातृत्व देखभाल और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गईं। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि जरूरतमंद परिवार इन योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, मातृत्व एवं पोषण का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराई गई। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को मातृत्व के दौरान आवश्यक सावधानियों, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और बेहतर देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। इस आयोजन के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा महिलाओं को जागरूक कर स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

पार्षद रेणुका साहू ने कहा — महिलाओं और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसे अभियान जरूरी

कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती रेणुका साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने और जरूरतमंद परिवारों को उनका लाभ दिलाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन दीदियों की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों का स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। ऐसे आयोजनों से महिलाओं में जागरूकता बढ़ती है और वे शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार कर सकती हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी का सम्मान

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं जनसेवा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नूतन संगानी एवं सहायिका श्रीमती पुष्पा नेताम को शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं मितानिन दीदी श्रीमती सरिता सेन को साड़ी, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को बिस्किट के पैकेट भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती तकेश्वरी साहू, सुपरवाइजर श्रीमती राधा रानी सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नूतन संगानी, सहायिका श्रीमती पुष्पा नेताम, मितानिन दीदी श्रीमती सरिता सेन, कौशल्या राठौर, सुशील यादव, कविता वैष्णव, कंसारी माताजी, अमीशा टंडन, लोकेश्वरी नेताम, मानसी, पिंकी कंसारी, केसर ध्रुव, चांदनी भोसले सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया सुदूर वनांचल क्षेत्रों का भ्रमण



कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आदिवासी बाहुल्य बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर वहां संचालित विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मांदी भाट में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित प्रधानमंत्री आवास, ग्राम खरिया में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी तथा ग्राम पचराही में गौ प्रशिक्षण सह गौधाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने ग्राम मांदीभाट में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति की हितग्राही श्रीमती चैन बत्ती के नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास का अवलोकन किया। निर्धारित समयावधि में आवास निर्माण पूर्ण होने पर उन्होंने हितग्राही को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत खरिया में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत कुल 145 आवासों में से 106 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर विभिन्न शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण भगवान सिंह द्वारा पशु शेड की मांग किए जाने पर कलेक्टर ने एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम खरिया में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि इस पानी टंकी के माध्यम से ग्राम के सभी 363 घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने ग्राम पचराही पहुंचकर गौ प्रशिक्षण सह गौधाम का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 7 एकड़ भूमि में स्थित इस गौधाम में प्रशिक्षण केंद्र, बछड़ा शेड सहित विभिन्न निर्माण कार्य किए गए हैं। कलेक्टर ने गौधाम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर जाना सड़क हादसे में घायलों का हाल



मरकाटोला घाट सड़क हादसे के घायलों और परिजनों से की मुलाकात, बेहतर उपचार के दिए निर्देश

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। नेशनल हाईवे-30 स्थित मरकाटोला घाट पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल कवर्धा के लोगों से मिलने उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने घायलों का कुशलक्षेम जाना और उनके परिजनों से मुलाकात कर उपचार की स्थिति की जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने घायल रोमन सोरा से मुलाकात कर उनसे स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने परिजनों से भी उपचार और अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में चर्चा की। परिजनों ने उपचार व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से घायल के स्वास्थ्य और आगे के उपचार की जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि घायल के पैरों का ऑपरेशन किया जाना है। शारीरिक स्थिति सामान्य होने के बाद आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अस्पताल सुपरिटेंडेंट डॉ संतोष सोनकर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुंदरानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा हादसे के बाद से लगातार सभी घायलों के उपचार की जानकारी ले रहे हैं। एक घायल को उच्च स्तरीय उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार सुनिश्चित कराया जा रहा है। घायलों के परिजनों के ठहरने के लिए सेवा सदन में निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई थी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में भर्ती सभी घायलों को समुचित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इस बीच स्वास्थ्य में सुधार के बाद चार घायलों अरमान कोसले, गणेश पात्रे, प्रदीप साहू और दीप चन्द्र को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान' के दूसरे दिन लोरमी के कैनाल (मंगलम) रोड में चला स्वच्छता अभियान



लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। नगर पालिका परिषद लोरमी द्वारा संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' घटक के दूसरे दिन आज, 01 अक्टूबर 2026 को नगर के कैनाल (मंगलम) रोड से शुभ पेट्रोल पंप तक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगरवासियों के साथ-साथ सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान के दूसरे दिन योग साधक समिति, राईस मिल संघ, शिवनगर गणेश उत्सव समिति, किराना व्यवसायी संघ एवं शिवशक्ति गणेश उत्सव समिति की प्रमुख व सराहनीय सहभागिता रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राईस मिल संघ के पवन अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका के प्रयासों के साथ ही आम नागरिकों और व्यवसायियों की सक्रिय सहभागिता से ही हम लोरमी शहर को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने सभी से स्वच्छता नियमों का पालन करने की अपील की।

वहीं, योग साधक समिति के सुनील शर्मा ने नगर पालिका लोरमी के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर की सभी नागरिक समितियों और सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जुड़कर अपना योगदान देना चाहिए, ताकि लोरमी को स्वच्छता के क्षेत्र में मिसाल बनाया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल, भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री विनय साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जवाहर जायसवाल , वार्ड पार्षद राजेन्द्र सलूजा, सोहन डड़सेना, एल्डरमैन अमिताभ तिवारी, मिंटू अग्रवाल, विनोद राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि छेदू यादव, बनवारी लाल अग्रवाल, शिव लाल ध्रुव, अशोक जायसवाल, कमलेश श्रीवास, मोटू गुप्ता, महेंद्र खत्री, सुनील शर्मा, प्रतीक शर्मा, सीएमओ चंदन शर्मा, इंजीनियर जयंत साहू सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

रोहित शर्मा ने शतक पूरा करने के बाद अपने नए सेलिब्रेशन स्टाइल को लेकर किया खुलासा, बताया किसके लिए किया था ऐसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच में तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने मिलाकर कुल 811 रन बनाए तो वहीं टीम इंडिया ने मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम करने के साथ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम को इस मैच में वेस्टइंडीज ने 406 रनों का बड़ा टारगेट दिया था, जिसको टीम इंडिया 43.3 ओवर्स में हासिल करने में कामयाब रही। इस मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के बल्ले से जहां नाबाद दोहरा शतक देखने को मिला तो वहीं हिटमैन रोहित शर्मा जिनके फॉर्म को लेकर सबसे ज्यादा नजरें थी उन्होंने भी बेहतरीन शतकीय पारी खेली। रोहित ने इस मुकाबले में जब अपना शतक पूरा किया तो वहीं उसके बाद उसका जश्न काफी अलग



अंदाज में उन्होंने मनाया जिसको लेकर मुकाबला खत्म होने के बाद रोहित ने इसको लेकर अपने बयान में भी जिक्र किया।

मैं उस जश्न को अपने तक ही रखता हूं

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में रोहित शर्मा के बल्ले से 75 गेंदों में 101 रनों की पारी देखने को मिली, जिसमें मुकाबला खत्म होने के बाद रोहित ने ब्रॉडकास्टर के साथ बातचीत करते हुए अपने जश्न मनाने के तरीके को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मैं उस जश्न को अपने तक ही रखता हूं। कुछ चीजें बस आपके साथ ही रहनी चाहिए और यह मैंने रोहित शर्मा ने शतक पूरा करने के बाद अपने नए सेलिब्रेशन स्टाइल को लेकर किया खुलासा, बताया किसके लिए किया था ऐसाखुद के लिए किया था और उसे शेयर नहीं कर सकता तो हां, वह जश्न मैंने खुद के लिए किया था। वहीं रोहित ने गिल के साथ बल्लेबाजी करने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि जैसा आपने कहा, विकेट अच्छा था। हम बस बैटिंग जारी रखना चाहते थे। सच कहूं तो हम स्कोरबोर्ड के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे थे।

हम बस गेंद की मेरिट के हिसाब से खेलने की कोशिश कर रहे थे और पार्टनरशिप बनाते जा रहे थे। मुझे लगता है कि जब आप ऐसे टारगेट का पीछा कर रहे हों तो आपको बड़ी पार्टनरशिप बनानी होती है और हमने वही किया। दूसरी तरफ गिल शानदार थे पूरी इनिंग के दौरान अपनी बैटिंग पर उनका पूरा कंट्रोल था और अंत तक नॉट आउट रहना भी शानदार था।

शुभमन गिल ने ऐतिहासिक पारी के दम पर ध्वस्त किया धोनी का 21 साल पुराना कीर्तिमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 406 रनों के टारगेट में अकेले ही नाबाद 223 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलने के साथ टीम इंडिया को इस मैच में जीत दिलाकर वापस लौटे। शुभमन गिल ने अपनी इस पारी के दम पर कई ऐसे रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया जिनको पिछले कई सालों से कोई भी खिलाड़ी तोड़ नहीं सका था, जिसमें एक रिकॉर्ड टीम इंडिया के पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी के नाम पर था, जिसको तोड़ने का सबसे बड़ा दावेदार विराट कोहली को माना जाता था, लेकिन वह भी ऐसा करने में कामयाब नहीं हो सके और गिल ने अपनी इस पारी के दम पर धोनी के उस 21 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया।



वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम की तरफ से रन चेज में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पहले एमएस धोनी के नाम पर था, जिन्होंने साल 2005 में श्रीलंकाई टीम के खिलाफ रन चेज करते हुए नाबाद 183 रनों की पारी खेली थी, जिसके बाद से यह रिकॉर्ड अब तक उनके नाम पर था। विराट कोहली भी इस लिस्ट में मौजूद हैं जिसमें उन्होंने साल 2012 में पाकिस्तानी टीम के खिलाफ मीरपुर के मैदान पर टारगेट का पीछा करते हुए 183 रनों की पारी खेली थी, जिसमें वह अपना विकेट गंवा बैठे थे, जिसके चलते कोहली दूसरे नंबर पर थे। वहीं अब शुभमन गिल ने इन दोनों ही दिग्गजों को पीछे छोड़ने के साथ लिस्ट में पहले पायदान पर अपना कब्जा कर लिया है, जिसमें वह रन चेज में भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले अब खिलाड़ी बन गए हैं।

रन चेज में भारतीय टीम के लिए वनडे में सर्वाधिक रनों की पारी

शुभमन गिल - 223 रन नाबाद (बनाम वेस्टइंडीज, साल 2026)
एमएस धोनी - 183 रन नाबाद (बनाम श्रीलंका, साल 2005)
विराट कोहली - 183 रन (बनाम पाकिस्तान, साल 2012)
विराट कोहली - 154 रन नाबाद (बनाम न्यूजीलैंड, साल 2016)
रोहित शर्मा - 152 रन नाबाद (बनाम वेस्टइंडीज, साल 2018)

गिल ने कुछ ही घंटों में तोड़ा कैम्पबेल का रिकॉर्ड

शुभमन गिल अब भारत और वेस्टइंडीज के बीच में वनडे क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में शतकीय पारी खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। गिल ने गुवाहाटी वनडे में सिर्फ 62 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया था, जिसके दम पर वह कुछ घंटे पहले ही बनाए गए सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड जो जॉन कैम्पबेल ने 65 गेंदों में बनाया था उसको तोड़ने में कामयाब रहे।

SA20 के ऑक्शन को लेकर आई बड़ी खबर, डुप्लेसी और मुल्डर समेत 156 खिलाड़ी हुए शॉर्टलिस्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। SA20 के अगले सीजन के ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों की तस्वीर साफ हो गई है। फ्रेंचाइजी लीग के पांचवें सीजन के ऑक्शन के लिए 156 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसमें फाफ डुप्लेसी, रासी वैन डेर डुसेन, वियान मुल्डर और नांद्रे बर्गर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। अब 7 अक्टूबर को होने वाली ऑक्शन में इन खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइजी की नजर रहेगी।

SA20 के पांचवें सीजन की ऑक्शन को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। 7 अक्टूबर को होने वाले ऑक्शन के लिए कुल 156 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस सूची में साउथ अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी और रासी वैन डेर डुसेन के साथ वियान मुल्डर और नांद्रे बर्गर जैसे चर्चित नाम भी शामिल हैं।

ऑक्शन के लिए कुल 789 खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया था, लेकिन अब इस लिस्ट को घटाकर 156 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया गया है। इनमें 95 साउथ अफ्रीकी और 61 विदेशी खिलाड़ी हैं। हालांकि,ऑक्शन में सभी खिलाड़ियों के लिए जगह नहीं होगी, क्योंकि इस प्रक्रिया के बाद फ्रेंचाइजी को कुल 19 स्लॉट ही भरने हैं।

डरबन सुपर जायंट्स और पार्ल रॉयल्स ने अपनी 19 सदस्यीय टीम पूरी कर ली है, इसलिए उन्हें ऑक्शन में किसी खिलाड़ी की जरूरत नहीं है। जॉबर्ग सुपर किंग्स और एमआई केप टाउन के पास 6-6 स्लॉट खाली हैं। वहीं प्रिटोरिया कैपिटल्स को पांच और मौजूदा चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दो खिलाड़ियों की जरूरत है। चारों फ्रेंचाइजी के पास मिलाकर कुल 2.11 मिलियन अमेरिकी डॉलर का पर्स उपलब्ध है।

ऑक्शन पूल में फाफ डु प्लेसिस सबसे बड़े साउथ अफ्रीकी नामों में शामिल हैं। डु प्लेसी पहले जॉबर्ग सुपर किंग्स की कप्तानी कर चुके हैं। 42 वर्षीय डु प्लेसिस फ्रेंचाइजी क्रिकेट में लगातार सक्रिय हैं और हाल ही में खत्म हुए ETPL सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी रैंकिंग में जबरदस्त नुकसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को करारा झटका लगा है। आईसीसी की वनडे रैंकिंग में पाकिस्तान की टीम और नीचे चली गई है। वैसे तो टीम अभी कोई वनडे नहीं खेल रही है, लेकिन इसके बाद भी उसे नुकसान हुआ है। इसका कारण है ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम, जिसने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही सीरीज का आखिरी मुकाबला जीत लिया है। इससे जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम आगे निकल गई है, वहीं पाकिस्तानी टीम को नुकसान होता हुआ नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही तीन वनडे मैचों की सीरीज समाप्त हो गई है। साउथ अफ्रीका ने पहले दो मैच जीतकर ही सीरीज पर कब्जा कर लिया था, इसके बाद तीसरे और आखिरी मैच की कोई खास अहमियत नहीं रह गई थी। इस मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीत लिया है। हालांकि बारिश

ऑस्ट्रेलिया ने दिया करारा झटका



के कारण मैच पूरा नहीं हो पाया और ऑस्ट्रेलिया को डकबर्थ लुइस मैथड के हिसाब से विजेता घोषित कर दिया गया। इस जीत से जहां ऑस्ट्रेलिया ने अपना सूपड़ा साफ होने से बचा लिया, वहीं आईसीसी वनडे रैंकिंग में भी एक स्थान की छलांग मारी है। इस मुकाबले से पहले तक आईसीसी वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर थी। वहीं पाकिस्तान की रेटिंग भी 100 की थी और वो चौथे नंबर पर नजर आ रही थी। इस मैच के बाद यानी अब की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग बढ़कर 102 हो गई और टीम अब चौथे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं पाकिस्तानी टीम 100 की रेटिंग के साथ एक स्थान नीचे यानी पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज तो खत्म हो गई है, लेकिन 9 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज होने जा रही है, जो कि बहुत अहम है। ये सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी। इस बीच पाकिस्तानी टीम की बात करें तो वो अक्टूबर में ही श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ एक ट्राई सीरीज खेलेगी, इसका आयोजन पाकिस्तान में ही होगा। तीन टीमें इसका हिस्सा होंगी, जिसका पहला मैच 18 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसमें अगर पाकिस्तानी टीम जीत दर्ज करती है तो उसके पास मौका होगा कि उसे फिर से चौथे नंबर पर आने का मौका मिले, लेकिन अगर टीम हारी तो फिर उसकी रेटिंग और कम होगी और टीम नीचे चली जाएगी।

व्यापार

स्टॉक मार्केट में नहीं थम रही तबाही- मारुति सुजुकी, महिंद्रा, टाटा स्टील के शेयर क्रैश

मुंबई (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार में मचा हाहाकार थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय शेयर बाजार, आज एक बार फिर बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। हफ्ते के चौथे ट्रेडिंग सेशन में ऑटो स्टॉक्स में भारी गिरावट देखने को मिली। आज मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील के शेयर क्रैश हो गए। बताते चलें कि बाजार ने आज गिरावट के साथ ही कारोबार की शुरुआत की थी।

72,000 के नीचे बंद हुआ सेंसेक्स

गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 570.59 अंकों (0.79 प्रतिशत) की बड़ी गिरावट के साथ 71,909.70 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 198.50 अंकों (0.88 प्रतिशत) के भारी नुकसान के साथ 22,421.95 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि शुक्रवार, 2 अक्टूबर को



गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजारों की छुट्टी रहेगी। इस तरह, घरेलू शेयर बाजार लगातार 3 दिन बंद रहेंगे और अब सोमवार को खुलेंगे।

निफ्टी की 50 में से 37 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद

आज सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 6 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 24 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की भी 50 में से सिर्फ 13 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 37 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

मारुति सुजुकी के शेयर क्रैश

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस के शेयर आज सबसे ज्यादा 4.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी का शेयर आज सबसे ज्यादा 4.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

हरे निशान में बंद हुए गिनती के स्टॉक्स

सेंसेक्स के अन्य शेयरों में आज टीसीएस के शेयर 1.43 प्रतिशत, एचसीएल टेक 1.38 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.36 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.53 प्रतिशत और टेक महिंद्रा के शेयर 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

इन शेयरों ने डुबोए निवेशकों के पैसे

वहीं दूसरी ओर, आज महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.27 प्रतिशत, टाटा स्टील 3.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.69 प्रतिशत, आईटीसी 2.56 प्रतिशत, पावर ग्रिड 2.23 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.17 प्रतिशत, एटरनल 1.86 प्रतिशत, एलएंडटी 1.85 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.81 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.65 प्रतिशत, बीईएल 1.63 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.60 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.29 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.24 प्रतिशत, टाइटन 1.20 प्रतिशत, इंडिगो 1.18 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.98 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.98 प्रतिशत, ट्रेंट 0.98 प्रतिशत, एसबीआई 0.70 प्रतिशत, सन फार्मा 0.55 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 0.29 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुले।

ऑटो सेक्टर ने सितंबर में मचाया धमाल, हुंडई की रिकॉर्ड बिक्री

मुंबई (एजेंसी)। सितंबर में भारतीय ऑटो सेक्टर के लिए बिक्री के आंकड़े काफी मजबूत रहे। देश की प्रमुख वाहन कंपनियों ने सितंबर 2026 में बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की है। हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे ज्यादा मासिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा और JSW MG मोटर इंडिया ने भी सालाना आधार पर शानदार ग्रोथ दर्ज की। हुंडई की कुल बिक्री 77,916 यूनिट रही, वहीं महिंद्रा ने 1.14 लाख से ज्यादा वाहन बेचे।

हुंडई मोटर इंडिया ने सितंबर 2026 में कुल 77,916 यूनिट वाहनों की बिक्री की। इसमें घरेलू बाजार में 57,166 यूनिट और 20,750 यूनिट का निर्यात शामिल है। कंपनी की कुल बिक्री में पिछले साल सितंबर के मुकाबले 10.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। घरेलू बिक्री भी सालाना आधार पर 10.9 फीसदी बढ़ी, जबकि निर्यात में 10.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी के मुताबिक, सितंबर की यह बिक्री उसकी अब तक की सबसे ज्यादा मासिक कुल बिक्री है। इससे पहले जुलाई 2026 में कंपनी ने अपना पिछला बिक्री रिकॉर्ड बनाया था।

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी सितंबर में मजबूत प्रदर्शन किया। कंपनी की कुल ऑटो बिक्री 1,14,874 वाहनों की रही, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 15 फीसदी अधिक है। कंपनी के यूटिलिटी व्हीकल यानी SUV सेगमेंट में घरेलू बिक्री 64,092 यूनिट रही। इसमें सालाना आधार पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 62.50 रुपए महंगा हुआ, एटीएफ का भी बढ़ा दाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों में मजबूती के अनुरूप गुरुवार से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 62.50 रुपए की बढ़ोतरी की है। इस संशोधन के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 62.50 रुपए बढ़कर 2,810 रुपए हो गई है। सितंबर में भी इसकी कीमत 9.50 रुपए बढ़ाई गई थी। इससे पहले अगस्त में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 192 रुपए और जुलाई में 183.50 रुपए की कटौती की गई थी।

वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के बीच जून में कमर्शियल एलपीजी की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। इसके अलावा, फरवरी से जून के बीच 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में 1,373 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे इसकी कीमत 1,740.50 रुपए से बढ़कर 3,113.50 रुपए हो गई थी।हालांकि, घरेलू एलपीजी की कीमत 942 रुपए पर अपरिवर्तित रखी गई है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़ी आपूर्ति बाधाओं और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के बीच मार्च से जून के बीच घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 89 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी।

इसके अलावा, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में भी 16 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। इसके बाद घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमत 121 रुपए से बढ़कर 137 रुपए प्रति लीटर हो गई है।हालांकि, सितंबर में 6.28 रुपए प्रति लीटर यानी 5.46 प्रतिशत और अगस्त में 5 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि के बाद हुई है। एटीएफ किसी एयरलाइन की परिचालन लागत का 40 प्रतिशत तक हिस्सा होता है, जिससे ईंधन की कीमतें एयरलाइंस के खर्च का एक महत्वपूर्ण घटक बन जाती हैं। ताजा कीमत संशोधन अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों में बदलाव और रुपये-डॉलर विनिमय दर को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।

यूपीआई लेनदेन की संख्या सितंबर में 23 प्रतिशत बढ़ी, वैल्यू 29 लाख करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 24.07 अरब हो गई। वहीं, लेनदेन का कुल मूल्य 18 प्रतिशत बढ़कर 29.37 लाख करोड़ रुपए हो गया।

औसतन सितंबर में यूपीआई के जरिए प्रतिदिन करीब 80.2 करोड़ लेनदेन हुए। इन लेनदेन का औसत दैनिक मूल्य लगभग 97,913 करोड़ रुपए रहा।

अगस्त में यूपीआई लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 24.51 अरब हो गई थी, जबकि लेनदेन का मूल्य 20 प्रतिशत बढ़कर 29.82 लाख करोड़ रुपए रहा था।

एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, आईएमपीएस के जरिए तत्काल फंड ट्रांसफर की राशि सितंबर में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 7.06 लाख करोड़ रुपए हो गई है। वहीं, इसके जरिए औसतन प्रतिदिन 1.18 करोड़ लेनदेन हुए, जबकि औसत दैनिक लेनदेन राशि 23,530 करोड़ रुपए रही।



इसके अतिरिक्त, प्रमुख व्यापारी संगठनों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ राष्ट्रीय राजधानी में बैठक के बाद 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का अपना आह्वान वापस ले लिया है।

विभिन्न राज्यों के करीब 20 व्यापारिक प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर 2,000 रुपए से अधिक के मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत शुल्क को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं।

व्यापारियों ने कहा कि इस कदम से छोटे और मध्यम कारोबारों पर बोझ बढ़ सकता है और व्यापारियों के बीच डिजिटल भुगतान को अपनाने पर असर पड़ सकता है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चांदनी चौक से सांसद और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने किया।

एमडीआर केवल 2,000 रुपए से अधिक के पी2एम (व्यक्ति से व्यापारी) लेनदेन पर लागू होता है। 2,000 रुपए तक के लेनदेन पर एमडीआर शून्य बना रहेगा।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2,000 रुपए तक के लेनदेन यूपीआई के मर्चेंट लेनदेन की कुल संख्या के 96 प्रतिशत से अधिक हैं। इसका मतलब है कि यूपीआई भुगतानों की बड़ी संख्या एमडीआर के दायरे में नहीं आएगी और इसलिए एमडीआर पर कोई जीएसटी भी नहीं लगेगा।

जिन व्यापारियों की मासिक यूपीआई प्राप्तियां 1 लाख रुपए तक हैं, उन्हें एमडीआर का भुगतान नहीं करना होगा।

नए यूपीआई ढांचे का व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) लेनदेन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। राशि कितनी भी हो, सभी पी2पी लेनदेन के लिए यूपीआई पूरी तरह मुफ्त बना रहेगा।

तीस्ता नदी के ऊपर बनेगा 6-लेन ब्रिज

मुंबई (एजेंसी)। सिक्किम और नॉर्थ-ईस्ट की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ₹1,176 करोड़ की लागत से तीस्ता नदी पर एक नया छह लेन का ब्रिज बनाने को मंजूरी दी है। यह पुल पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सेवोक में NH-10 पर बनाया जाएगा। करीब 6.9 किलोमीटर लंबा यह प्रोजेक्ट, अपने एप्रोच रोड समेत, सिलिगुड़ी से सिक्किम और आगे नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि तीस्ता नदी पर नए छह लेन के पुल के लिए ₹1,176 करोड़ मंजूर किए गए हैं। यह ब्रिज पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सेवोक में NH-10 पर बनाया जाएगा। एप्रोच रोड समेत इसकी कुल लंबाई करीब 6.9 किलोमीटर होगी। NH-10 सिलिगुड़ी को सिक्किम से जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों में शामिल है।

नगर पंचायत डौंडी में सेवा सेतु शिविर आयोजित, आवेदनों का हुआ पंजीयन



राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त

बालोद (दैनंदिनी ब्यूरो)। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को आम नागरिकों तक आसानी से पहुंचाने के लिए सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत डौंडी द्वारा सांस्कृतिक भवन डौंडी में सेवा सेतु शिविर 2026 आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों को अपनी समस्याओं, शिकायतों और मांगों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा मिली। संबंधित अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की। नगर पंचायत डौंडी में आयोजित सेवा सेतु शिविर में कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राशन कार्ड से संबंधित 02, वृद्धावस्था पेंशन का 01, प्रधानमंत्री आवास योजना का 01, नामांतरण का 01 तथा रंगमंच निर्माण एवं मरम्मत से संबंधित 01 आवेदन शामिल है। इन आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सरल, सहज और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना रहा। जिन आवेदनों का निराकरण तत्काल संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहंतीन चौरका, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सोमेश कुमार सोरी, जिला सह-कोषाध्यक्ष मनीष झा, दिनेश अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन, सहित नगर पंचायत के पार्षदगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

नगर पंचायत डौंडी द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें.

सड़क बनी तो शांति नगर के बिरहोर मोहल्ले तक पहुंची नई उम्मीद

कोरबा। पाली विकासखंड के शांति नगर स्थित बिरहोर मोहल्ले के निवासियों को पहले गांव से बाहर निकलने के लिए कच्चे रास्ते पर निर्भर रहना पड़ता था। बारिश में रास्ते पर कीचड़ और पानी भर जाने से बच्चों का स्कूल जाना, ग्रामीणों का स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना और कृषि उपज बाजार ले जाना कठिन हो जाता था। गांव के निवासी धावले बिरहोर बताते हैं कि सड़क की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत शिवपुर से शांति नगर बिरहोर मोहल्ले तक 2.45 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इस कार्य के लिए 162.73 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। सड़क से बस्ती के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के 24 लोग लाभान्वित हुए हैं। धावले बिरहोर ने बताया, "गांव में सभी लोग या तो खेती-किसानी करते हैं या फिर मजदूरी। सभी को सड़क की आवश्यकता लंबे समय से महसूस हो रही थी। सड़क बनाने की इस पहल से लोगों को आवागमन की सुविधा हो जाएगी। हमारा गांव मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। बस्ती में बिजली पहुंच चुकी है, आगे सभी मूलभूत सुविधाओं का रास्ता भी आसान हो जाएगा।"

खराब निर्माण और जल निकासी की अनदेखी से अकलवारा के पास सड़क बही



- फिरोज अहमद खान

बालोद (दैनंदिनी ब्यूरो)। बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत दियाबती-कंवर मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तहत हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में जारी मूसलाधार बारिश ने पीएमजीएसवाय विभाग की पोल खोलकर रख दी है। अकलवारा क्षेत्र में हाल ही में बनी सड़क का एक बड़ा किनारा बारिश के तेज बहाव में बह गया है, वहीं सड़क से लगी पुलिया के पास एक भयावह गड्ढा निर्मित हो गया है। इस स्थिति से मार्ग पर हर समय गंभीर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों और ग्रामीणों में विभाग के अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि पीएमजीएसवाय के जिम्मेदार अधिकारियों, खासकर कार्यपालन अभियंता (ईई) और एसडीओ ने सड़क ठेकेदार के साथ सांठगांठ कर गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य कराया है। भ्रष्टाचार के इस खेल में शासन की करोड़ों रुपये की राशि को पानी की तरह बहा दिया गया। पहली ही तेज बारिश में सड़क की मिट्टी और किनारा बह जाना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि सड़क निर्माण के दौरान निर्धारित मानकों की धज्जियां उड़ाई गईं और गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की गई।

बारिश के बाद जल निकासी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यह मार्ग अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। पुल के पास बने गहरे गड्ढे के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। विशेष रूप से रात के समय इस मार्ग से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते क्षतिग्रस्त हिस्से की सुध नहीं ली गई और स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई, तो आगामी बारिश में पूरी सड़क जमींदोज हो सकती है, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क आपस में कट जाएगा।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का मुआयना करें। इसके साथ ही, भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों और ठेकेदार की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए तथा घटिया निर्माण के दोषी लोगों पर कड़ी विभागीय तथा कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द मार्ग का जीर्णोद्धार और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

नगर पंचायत गुंडरदेही में हुआ सेवा सेतु शिविर का आयोजन

बालोद (दैनंदिनी ब्यूरो)। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत आम नागरिकों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाने के लिए सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत गुंडरदेही के वार्ड क्रमांक 13 स्थित सामुदायिक भवन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में नगर पंचायत सहित ब्लॉक स्तरीय विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई। शिविर में नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित पूर्व में प्राप्त 43 आवेदनों का निराकरण किया गया। हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही 35 नए प्रकरणों की डीपीआर तैयार कर राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजी गई। इससे पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सुविधा मिलेगी।

तहसील कार्यालय में लिपिक की पदस्थापना नहीं होने पर होगा आंदोलन, एक सप्ताह का दिया गया समय

लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोरमी के अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर एवं डिंडौरी ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप श्याम के संयुक्त नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को तहसील कार्यालय लोरमी में लिपिकीय स्टाफ की कमी के चलते आम नागरिक, किसानों एवं छात्रों को हो रही नामांतरण, बंटवारा, आय, जाति प्रमाण-पत्र को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

घनश्याम वर्मा जिलाध्यक्ष ने अनुविभागीय अधिकारी लोरमी को तहसील कार्यालय में आम लोगों की परेशानी से अवगत कराया एवं एक सप्ताह में समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता के हक की मांग को लेकर ज्ञापन दे रहे हैं। निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की जवाबदारी प्रशासन की होगी। पूर्व



जनपद अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि हम सभी कांग्रेसजन जनता की

समस्याओं को लेकर एकजुट हैं। शहर मंडल अध्यक्ष नीतेश पाठक ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जनता की समस्याओं पर तारीख पर तारीख न देकर समस्याओं का निराकरण तत्काल करें। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस महामंत्री अशोक चंद्राकर, जनपद सभापति विद्यानंद चंद्राकर, जनपद सदस्य रानू कश्यप, प्रदीप कुमार दुबे, पुरुषोत्तम माकारे, अरुण कुलमित्र, लखन कश्यप, धनंजय दुबे, हेमन्त मानिकपुरी, रमेश कश्यप, सोहन वर्मा, लखन यादव,

ललित ध्रुव, प्रकाश साहू, सुरेश सोनवानी, छोटे लाल बांधेकर, प्रकाश वैष्णव, रामनिहोरा कश्यप, मुकेश जासवाल, संतोष जायसवाल, अजीत, प्रताप ध्रुव, भागवत धीमर आदि शामिल रहे।

सूरज की ऊर्जा से जगमगाया जामबहार

कोरबा। शाम ढलते ही जामबहार के चौक-चौराहे सोलर हाईमास्ट की रोशनी से जगमगा उठते हैं। रोशनी के साथ ग्रामीणों को अब रात में सुरक्षित आवागमन, बाजार तक आसान पहुंच और सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर सुविधा का भरोसा मिला है। कोरबा विकासखंड के ग्राम जामबहार में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से स्वीकृत राशि से स्थापित सोलर हाईमास्ट सेवा संकल्प अभियान के तहत दूरस्थ क्षेत्रों तक जनसुविधा पहुंचाने की पहल का प्रभावी स्वरूप बनकर सामने आया है।

जिला प्रशासन द्वारा क्रेडा के माध्यम से स्थापित यह सोलर हाईमास्ट सौर ऊर्जा से संचालित है। सामान्य विद्युत आपूर्ति पर निर्भरता के बिना रात में प्रकाश उपलब्ध कराने वाली इस व्यवस्था से गांव के प्रमुख आवागमन मार्ग और सार्वजनिक स्थल रोशन हो रहे हैं। पर्याप्त बैटरी बैकअप के कारण मौसम खराब होने या बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी रात में प्रकाश बना रहता है। जामबहार में हाईमास्ट लगने से पहले रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई होती थी। बरसात के मौसम में अंधेरे रास्तों पर सांप-बिच्छू जैसे विषैले जीवों का खतरा भी बना रहता था। अब चौक-चौराहों और आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त उजाला रहने से ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों, राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। बाजार और स्थानीय दुकानों में शाम के बाद आवश्यक गतिविधियां भी अधिक सहज हुई हैं। सोलर हाईमास्ट डस्क-टू-डॉन तकनीक से संचालित होता है।

बिजली बिल की मार से जनता बेहाल, स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

रेंगाखार और इंदौरी बिजली कार्यालयों का घेराव, नवीन जायसवाल बोले 1000 देने का प्रचार और बढ़े बिलों का बोझ, सरकार जनता को दे हिसाब

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। बिजली दरों में वृद्धि, बढ़ते बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश एवं मार्गदर्शन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेंगाखार और इंदौरी स्थित बिजली कार्यालयों का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

रेंगाखार में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाती मरकाम तथा इंदौरी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग उठाई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार एक ओर महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को ₹1000 देने का प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर बढ़े हुए बिजली बिलों और अन्य शुल्कों के कारण आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि "जनता को राहत देने के बजाय अगर बिजली के बिलों का बोझ बढ़ाया जा रहा है तो सरकार को इसका जवाब देना होगा। महतारी वंदन के



नाम पर ₹1000 देने का प्रचार और दूसरी तरफ परिवारों की जेब से बढ़े हुए बिजली बिलों के जरिए अधिक राशि निकलना—इस दोहरे बोझ पर सरकार को जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।"

पूर्व महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के पास लगातार ऐसे उपभोक्ता पहुंच रहे हैं, जो अधिक बिजली बिल, अतिरिक्त शुल्क और बिलों में विसंगतियों की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को बिजली बिल में वास्तविक राहत दी जाए।

उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय लागू हाफ-बिल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने की दिशा में प्रभावी व्यवस्था की जरूरत है।

पूर्व जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं के बीच कई सवाल और शिकायतें सामने आ रही हैं। कांग्रेस की मांग है कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी दी जाए, शिकायतों का निराकरण किया जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाए।

पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की आशंकाओं और शिकायतों को नजरअंदाज करके कोई भी व्यवस्था थोपने के बजाय सरकार और बिजली विभाग को पहले जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष 2026 में अधिक बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर के बाद अधिक बिल आने से संबंधित उपभोक्ता शिकायतें दर्ज हुई हैं।

रेंगाखार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाती मरकाम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता बढ़े हुए बिल, अतिरिक्त शुल्क और बिलों में विसंगतियों से परेशान हैं। विभाग को प्रत्येक शिकायत का त्वरित निराकरण करने के साथ उपभोक्ताओं को बिल की स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए।

कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर बिजली कार्यालय तक लड़ेगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान करना सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि पर पुनर्विचार, उपभोक्ताओं को राहत, बिलों में पारदर्शिता तथा स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के प्रभावी निराकरण की मांग की।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव तुकाराम चन्द्रवशी ने कहा कि यदि सरकार ने आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया तो कांग्रेस आंदोलन को और व्यापक करेगी। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध आंदोलन के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं और शिकायतें एकत्रित करेंगे तथा उन्हें संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाएंगे।

रेंगाखार और इंदौरी में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कांग्रेस ने सरकार से बिजली बिलों में पारदर्शिता, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण और स्मार्ट मीटर को लेकर स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। युवा नेता आनंद सिंह ने कहा कि जनता के सवालों का जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी है और बिजली उपभोक्ताओं के हितों की लड़ाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े,पूर्व जिला अध्यक्ष हरिराम साहू,महामंत्री मनीष शर्मा,महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी,बृजेश चंद्रवंशी,महेंद्र कुम्भकार, भोलाराम चन्द्रवशी,विनोद चंद्रवंशी , टोलम मरावी,विष्णु नेताम ,हीरा रात्रे सहित कांग्रेस के पदाधिकारी v कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

दंतेवाड़ा के किरंदुल में 'दक्षः एडवांस्ड डिजिटल स्किलिंग प्रोजेक्ट फॉर यूथ' का भव्य शुभारंभ



AM/NS इंडिया और आइसेस्ट इंडिया की पहल

किरंदुल (दंतेवाड़ा) (दैनंदिनी ब्यूरो)। युवाओं को नई तकनीक सिखाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के एक बड़े प्रयास के तहत मंगलवार को किरंदुल स्थित आदिवासी भवन में 'दक्षः एडवांस्ड डिजिटल स्किलिंग प्रोजेक्ट फॉर यूथ' का गरिमामय उद्घाटन किया गया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना एएम/एनएस इंडिया और आइसेक्ट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण और आदिवासी युवाओं को आधुनिक कंप्यूटर और डिजिटल तकनीक सिखाकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत स्थानीय युवाओं को डीसीए और पीजीडीसीए जैसे महत्वपूर्ण कंप्यूटर पाठ्यक्रमों का पूरी तरह से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे युवा कंप्यूटर की अच्छी समझ हासिल कर अपना भविष्य संवार सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व आदिवासी समाज (दंतेवाड़ा) के अध्यक्ष सुरेश कर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं को इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सोमारू कड़ती द्वारा की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में कोया कुटमा समाज के अध्यक्ष बल्लू भवानी, सर्वमूल बस्तरिया समाज के अध्यक्ष सत्य नारायण कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुकालु मुड़ामी, और किरंदुल नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, मंगल कुंजाम शामिल हुए। इसके साथ ही स्थानीय ग्राम प्रधान (सरपंच) और जनपद सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एएम/एनएस इंडिया और कौशल विकास क्षेत्र में आइसेक्ट इंडिया के इस साझा प्रयास को क्षेत्र के विकाश के लिए सराहनीय कदम बताया और कहा कि बस्तर के दूरदराज इलाकों में इस तरह के तकनीकी प्रशिक्षण से युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा।

इस कोर्स को सही तरीके से शुरू करने और कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने पूरा सहयोग दिया। कार्यक्रम में एएम/एनएस इंडिया की ओर से जनरल मैनेजर वाई.वी. राघवेलु, कल्याण चक्रवर्ती, रामचंद्र, श्रीनिवास और डॉ. तेज प्रकाश, उपस्थित रहे। वहीं आइसेक्ट टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख अब्दुल मसीद, सुनील सिंह और अभिषेक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस शुरुआत के साक्षी बनने के लिए आस-पास के गांवों से ग्रामीण आदिवासी भवन पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। यह डिजिटल साक्षरता अभियान आने वाले समय में दंतेवाड़ा जिले के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए द्वार खोलने में मील का पत्थर साबित होगा।

महानदी विवाद के समाधान की दिशा में बड़ी पहल : अमित शाह की अध्यक्षता में हुई छत्तीसगढ़ और ओडिशा की उच्चस्तरीय बैठक

महानदी हमें बांटने वाली नहीं, दोनों राज्यों को जोड़ने वाली जीवनधारा : समाधान ऐसा हो जिसमें दोनों राज्यों की जीत हो : साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद के सौहार्दपूर्ण और स्थायी समाधान की दिशा में आज नई दिल्ली में महत्वपूर्ण पहल हुई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में कर्तव्य भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी ने महानदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की और अपने-अपने राज्यों का पक्ष रखा।

बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल, केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिव सहित केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग तथा दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बैठक में छत्तीसगढ़ का पक्ष रखते हुए कहा कि महानदी केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि दोनों राज्यों की सभ्यता, संस्कृति, कृषि और जनजीवन से जुड़ी जीवनधारा है। महानदी छत्तीसगढ़ और ओडिशा को बांटने वाली नहीं, बल्कि दोनों राज्यों को जोड़ने वाली नदी है। इसलिए इसका समाधान भी प्रतिस्पर्धा या टकराव के बजाय सहयोग, विश्वास और सहमति की भावना से निकलना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास ऐसा समाधान निकालने का होना चाहिए जिसमें दोनों राज्यों और वहां के नागरिकों के हित सुरक्षित हों। छत्तीसगढ़ न्यायपूर्ण, निष्पक्ष, वैज्ञानिक, पारदर्शी और दीर्घकालिक समाधान का पक्षधर है। ऐसा समाधान दोनों राज्यों के किसानों, आम नागरिकों और आने वाली पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार होना चाहिए।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ में होता है और इसके जलग्रहण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा प्रदेश में स्थित है। राज्य में कृषि, सिंचाई, पेयजल और विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों की विकास आवश्यकताएं महानदी से जुड़ी हुई हैं। इसलिए किसी भी स्थायी समाधान में छत्तीसगढ़ की इन वास्तविक आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ अपने हितों की बात करते हुए ओडिशा की आवश्यकताओं और हितों का भी पूरा सम्मान करता है। हीराकुंड ओडिशा की जीवनरेखा है और छत्तीसगढ़ उसके महत्व को भलीभांति समझता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ हीराकुंड जलाशय के हितों और उसके सुचारु संचालन के लिए आवश्यक सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने को तैयार है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जल जैसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन को साझी समृद्धि का माध्यम बनाना चाहिए। दोनों राज्यों के बीच ऐसा तंत्र विकसित हो, जिसमें जल उपलब्धता, आवश्यकता और उपयोग से संबंधित तथ्य पारदर्शी ढंग से साझा हों और वैज्ञानिक आधार पर निर्णय लिए जाएं।

खेत में मिली मासूम के लिए आगे आए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, उपचार और सुरक्षा के दिए निर्देश

मासूम का जीवन और उसकी सुरक्षा सर्वोपरि : राजेश अग्रवाल

रायपुर ■ दैनन्दिनी

सरगुजा जिले के दरिमा क्षेत्र में खुले खेत में असहाय अवस्था में मिली नवजात बच्ची की खबर सामने आने के बाद पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बच्ची के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से फोन पर चर्चा कर नवजात को समुचित उपचार उपलब्ध कराने तथा उसकी सुरक्षित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि इतनी छोटी बच्ची के उपचार और देखभाल में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होनी चाहिए। बच्ची को लगातार चिकित्सकीय निगरानी में रखते हुए आवश्यकता के अनुसार हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उसकी सुरक्षा और आगे के संरक्षण के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। घटना की जानकारी मिलने पर श्री अग्रवाल ने चिंता



व्यक्त करते हुए कहा कि एक नवजात बच्ची का इस तरह असहाय अवस्था में मिलना बेहद पीड़ादायक है। इस समय सबसे महत्वपूर्ण उसका जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा है। बच्ची को केवल बेहतर उपचार ही नहीं, बल्कि सुरक्षित वातावरण और भविष्य के लिए आवश्यक संरक्षण भी मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्ची के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जाए और चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुरूप सभी जरूरी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। उसके आगे के संरक्षण और पालन-पोषण से संबंधित प्रक्रिया में भी संबंधित विभाग संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। दरिमा क्षेत्र में खेत के पास मिली नवजात बच्ची को ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए पहुंचाया गया था। बच्ची को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उसके स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर प्रशासन एवं संबंधित विभागों को आवश्यक समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। श्री अग्रवाल ने बच्ची के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि यह नन्ही बच्ची जल्द स्वस्थ हो और उसके जीवन में खुशियों की नई सुबह आए। इस मासूम को उपचार के साथ सुरक्षा, संरक्षण और आगे बढ़ने के लिए सुरक्षित वातावरण मिले, यही हमारी प्राथमिकता है।



बस्तर की बदली तस्वीर को देश दुनिया तक पहुंचाएं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर : राज्यपाल

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद का प्रभाव समाप्त होने के बाद केंद्र और राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र के लोगों के कल्याण और विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बस्तर में विकास के साथ लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और भय का वातावरण धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बस्तर में हो रहे इन सकारात्मक बदलावों को देश-विदेश तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल आज दिल्ली से आए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के दल से मुलाकात के दौरान संबोधित कर रहे थे।

दिल्ली से आए 41 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने राज्यपाल से की मुलाकात

ये सभी इन्फ्लुएंसर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए हैं। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर में नक्सलवाद समाप्त होने के बाद आए बदलाव, विकास कार्यों, स्थानीय जनजीवन और पर्यटन की संभावनाओं को करीब से जाना और समझा।

इन्फ्लुएंसर ने राज्यपाल को बताया कि उन्होंने तीन दिन बस्तर में बिताए और इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों और गांवों का भ्रमण कर वहां की वर्तमान स्थिति को देखा। उन्होंने बताया कि मीडिया के माध्यम से उन्हें छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्त होने और बस्तर में हो रहे बदलाव की जानकारी मिली थी। इसी बदलाव को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने के उद्देश्य से वे यहां पहुंचे हैं।

इन्फ्लुएंसर ने कहा कि बस्तर में उन्हें शांति और सुकून का अनुभव हुआ। यहां की प्राकृतिक सुंदरता ने उन्हें विशेष रूप से आकर्षित किया। सड़क संपर्क बेहतर हुआ है तथा प्रभावित लोगों के पुनर्वास और रोजगार के लिए किए जा रहे प्रयास भी दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में उन्होंने जितने बदलाव की कल्पना की थी, उससे कहीं अधिक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला।

राज्यस्तरीय रोजगार मेले में 10 हजार युवाओं को नौकरी का अवसर

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ के रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ा अवसर सामने आया है। राज्य सरकार की ओर से 7 और 8 अक्टूबर को रायपुर के बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय राज्यस्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में करीब 10 हजार युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। अब तक 62 कंपनियों और प्लेसमेंट एजेंसियों से 9,449 रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त हो चुकी है। अन्य कंपनियों से भी संपर्क जारी है, जिससे रिक्तियों की संख्या बढ़ सकती है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा आयोजित इस मेले का उद्देश्य शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। स्थानीय कंपनियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की निजी कंपनियां भी मेले में हिस्सा लेंगी। 8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब चयनित युवाओं को ऑफर लेटर वितरित करेंगे। मेले में दसवीं और बारहवीं पास युवाओं के साथ आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, कृषि स्नातक, सामान्य स्नातक, एमबीए और एमसीए सहित विभिन्न शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए अवसर उपलब्ध होंगे। तकनीकी क्षेत्र में मशीन ऑपरेटर, असेंबली ऑपरेटर, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन, मेंटेनेंस इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिकल इंजीनियर और गुणवत्ता निरीक्षक के पद शामिल हैं। इसके अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, रिलेशनशिप मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव और सेल्स ऑफिसर के पद भी उपलब्ध हैं। बैंकिंग, फाइनेंस और मानव संसाधन के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में नर्सिंग स्टाफ और केयरटेकर के पद हैं। सुरक्षा सेवाओं में गार्ड और सुपरवाइजर तथा परिवहन क्षेत्र में ड्राइवर, डिलीवरी कर्मी, बाइक राइडर और पिकर-पैकर के लिए भी रिक्तियां हैं। क्वेस कॉर्प, रैंडस्टैड इंडिया, राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स-सतलुज टेक्सटाइल्स, वर्द्धमान टेक्सटाइल्स, जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और एयरटेल पेमेंट बैंक सहित कई कंपनियां इसमें भाग लेंगी। इंस्टाकार्ट, स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल, स्वतंत्र माइक्रोफिन, एनआईआईटी, आइसेक्ट, शांता टेक्नो, राजत इक्विपमेंट्स और फर्स्ट फ्लाई कॉर्पोरेट भी रिक्तियां उपलब्ध करा रही हैं।

अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल www.erojgar.cg.gov.in पर पंजीयन कर उपलब्ध पदों की जानकारी देखकर अपनी पात्रता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से कंपनियां अभ्यर्थियों की प्रोफाइल और आवेदन भी देख सकेंगी।

प्रेमिका से बात करने पर विवाद

रायपुर। राजधानी रायपुर में प्रेमिका से बात करने को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। सागर साहू पर लीलाराम साहू को धारदार चाकू से मारने का आरोप लगाया गया है। घटना में लीलाराम गंभीर रूप से घायल हो गया है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। पूरा मामला मुजगहन थाना क्षेत्र के दतरेंगा का है। जानकारी के मुताबिक, प्रेमिका से बातचीत करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी ने लीलाराम पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने उसके पेट में वार करने की कोशिश की.

RDA भू-आवंटन पर कांग्रेस का हल्लाबोल: मंत्री की पत्नी से जुड़ी कंपनी को जमीन देने के आरोप

रायपुर ■ दैनन्दिनी

रायपुर विकास प्राधिकरण (RDA) की लाभांडी-कचना-सड्डू नगर विकास योजना में भूखंडों के आवंटन को लेकर सियासत तेज हो गई है। मंत्री केदार कश्यप की पत्नी से जुड़ी कंपनी राधिका पैलेस प्राइवेट लिमिटेड को कचना की जमीन के बदले सड्डू में कथित तौर पर प्राइम लोकेशन का भूखंड दिए जाने के मामले में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में रायपुर के ईएनटी विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. राकेश गुप्ता और कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि RDA की नगर विकास योजना में कंपनी को असामान्य लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है। पार्टी ने पूरे मामले की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

कचना की जमीन के बदले सड्डू में प्राइम लोकेशन का आरोप-कांग्रेस के मुताबिक राधिका पैलेस प्राइवेट लिमिटेड की कचना के नालापारा क्षेत्र में करीब 1.33 एकड़ जमीन है। पार्टी का दावा है कि इस जमीन तक पहुंच संकरी सड़क से होती है, जबकि इसके बदले कंपनी को सड्डू क्षेत्र में प्रस्तावित 150 फीट चौड़ी MR-43 सड़क से लगी करीब 23 हजार वर्गफीट जमीन अंतिम भूखंड के तौर पर दी जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि मूल जमीन और अंतिम भूखंड के बीच दूरी होने के बावजूद इस तरह का आवंटन किस वैधानिक प्रावधान के तहत किया गया। पार्टी ने यह भी सवाल किया कि नगर विकास योजना में कंपनी की जमीन को शामिल करने की आवश्यकता क्यों पड़ी।



करोड़ों की जमीन देने का दावा-कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सड्डू में प्रस्तावित MR-43 के किनारे स्थित भूखंड की लोकेशन बेहद महत्वपूर्ण है और इसकी बाजार कीमत करोड़ों रुपये में हो सकती है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अपेक्षाकृत कम मूल्य वाली और सीमित पहुंच वाली कचना की जमीन के बदले अधिक मूल्य वाली जमीन दिए जाने से पूरे आवंटन की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं। यह मामला पहले भी सामने आ चुका है। 28 सितंबर को सामने आए आरोपों में रायपुर के ईएनटी विशेषज्ञ और समाजसेवी डॉ. राकेश गुप्ता ने RDA की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर राधिका पैलेस प्राइवेट लिमिटेड को सड्डू में प्लॉट नंबर 25 दिए जाने का दावा किया था। उनके मुताबिक इसका क्षेत्रफल 2168 वर्गमीटर यानी करीब 23,327 वर्गफीट है।

कांग्रेस ने RDA दफ्तर का किया घेराव-मामले को लेकर कांग्रेस ने अब सड़क पर भी विरोध शुरू कर दिया है। रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता RDA कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन कर रहे हैं। प्रदर्शन में पूर्व सभापति प्रमोद दुबे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर विकास योजना के तहत जमीनों के पुनर्गठन और आवंटन में प्रभाव का इस्तेमाल कर कंपनी को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई।

जांच पूरी होने तक योजना पर रोक की मांग-कांग्रेस ने पूरे मामले की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जांच पूरी होने तक संबंधित नगर विकास योजना में आगे की कार्रवाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। कांग्रेस ने यह भी कहा है कि यदि जांच में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो मंत्री केदार कश्यप, उनकी पत्नी तथा मामले से जुड़े संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

अग्रसेन जयंती : राज्यपाल डेका होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सीएम साय भी करेंगे शिरकत

रायपुर ■ दैनन्दिनी

अग्रवाल समाज की आराध्य विभूति एवं समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की 5180वीं जयंती को लेकर रायपुर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष अग्रसेन जयंती महोत्सव को विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। अग्रवाल सभा, रायपुर के मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष 11 अक्टूबर, रविवार को अग्रसेन जयंती महोत्सव का मुख्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं एडीआर ग्रुप दिल्ली के चेयरमैन सुशील अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। अग्रवाल सभा, रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल और पूरे अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जयंती के अवसर पर शासकीय अवकाश घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। सभा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा समाज की वर्षों पुरानी मांग को सम्मान देते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसके लिए पूरा अग्रवाल समाज उनका सदैव आभारी रहेगा।

19 मोहल्ला समितियों में हो रहीं प्रतियोगिताएं-अग्रसेन जयंती के पूर्व रायपुर की 19 मोहल्ला समितियों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं के विजेता मुख्य प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इसके माध्यम से समाज के अधिक से अधिक परिवारों और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

4 अक्टूबर को सर्वसमाज के लिए AGRATHON-4 अक्टूबर को सर्वसमाज के लिए AGRATHON – "Vande Mataram, Run For Nation" का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ मरीन ड्राइव से प्रातः 6 बजे प्रारंभ होगी। आयोजन में विजेताओं के लिए विभिन्न पुरस्कार रखे गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों के शामिल होने की संभावना है। इसी दिन श्री सालासर धाम, छेड़ीखेड़ी में डॉक्टर कमलेश अग्रवाल के नेतृत्व में सर्वसमाज के लिए विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 60 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ ही निःशुल्क पैथोलॉजी जांच, नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

7 अक्टूबर को श्री अग्रसेन धाम में जयंती का उद्घाटन-7 अक्टूबर को श्री अग्रसेन धाम, छेड़ीखेड़ी में अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न मोहल्ला समितियों का सम्मान भी किया जाएगा। 8 एवं 9 अक्टूबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 9 अक्टूबर को महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

10 अक्टूबर को अग्रसेवा दिवस एवं विशाल कार्निवल-10 अक्टूबर को अग्रसेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें अग्रबंधुओं द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे। इसी दिन विशाल कार्निवल का भी आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न आकर्षणों के साथ अग्र बैंड की विशेष प्रस्तुति होगी। 11 अक्टूबर को प्रातः 9:30 बजे श्री अग्रसेन भवन, जवाहर नगर में महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

खेल अकादमियों में प्रवेश के लिए 169 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

रायपुर. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु रायपुर स्थित विभिन्न गैर-आवासीय खेल अकादमियों में खिलाड़ियों के प्रवेश (नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश) के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल आज संपन्न हुआ। तीरंदाजी (बालक/बालिका) के लिए तीरंदाजी एरिना के सामने, फुटबॉल (बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) के लिए स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा तथा हॉकी (बालक/बालिका) के लिए हॉकी स्टेडियम पिच-2 में आयोजित चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन ट्रायल के अंतिम दिन आज चारों खेलों में पंजीकृत कुल 169 खिलाड़ियों की कौशल दक्षता का कड़ाई से परीक्षण किया गया। वरिष्ठ प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने हॉकी और फुटबॉल के 57-57, तीरंदाजी के 23 और एथलेटिक्स के 32 खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया। खिलाड़ियों के सटीक मूल्यांकन के लिए खेल के मानकों के आधार पर दक्षता परीक्षण किया गया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **ब्रजेश शुक्ला** द्वारा नगर निगम कार्यालय के पीछे, मुकुटनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं आसमां पब्लिशर्स जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित। **संपादक- ब्रजेश शुक्ला,** RNI-CHHHIN/2010/34274, फोन-0771-4059450, ई-मेल-mail2dainandini@gmail.com